श्रावण मास, कृष्ण पक्ष 1 वर्ष, अंक 161, पृष्ठ 4, मूल्य 1.00

# अखण्ड भारत सन्देश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज शनिवार, 16 जनवरी, 2021

विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान की एक अनुपम भेंट

# किसानों के साथ फिर बेनतीजा रही वार्ता

## 19 जनवरी को अगली बैठक के लिए बनी सहमति

**जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली।** आंदोलनकारी किसान संगठनों का अड़ियल रवैया नौवें दौर की वार्ता में भी जारी रहा, जिससे बातचीत फिर बेनतीजा रही। इसके बावजूद 19 जनवरी को अगली वार्ता के लिए दोनों पक्षों में सहमति बनी है। पांच घंटे तक चली लंबी बातचीत निर्णायक मोड़ तक नहीं पहुंच सकी। मुद्दों पर अनौपचारिक रूप से छोटे समूह बनाकर हल तलाशने के प्रस्ताव को भी किसान नेताओं ने खारिज कर दिया। वार्ता में सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर भी चर्चा हुई, जिस पर किसान नेताओं ने स्पष्ट किया कि वे कोर्ट कमेटी के समक्ष पेश नहीं होंगे। हालांकि, कृषि मंत्री नरेंद्र तोमर ने कहा कि शीर्ष अदालत द्वारा गठित कमेटी बुलाएगी तो हम जाएंगे।



सरकार की ओर से केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र तोमर, रेल, वाणिज्य व खाद्य मंत्री पीयूष गोयल और वाणिज्य राज्यमंत्री सोम प्रकाश बैठक में शामिल हुए, जबकि आंदोलनकारी 40 किसान संगठनों के प्रतिनिधियों ने वार्ता में हिस्सा लिया। वार्ता के लिए आने से पहले और बातचीत के दौरान किसान संगठनों की ओर से वही पुराना राग अलापा गया। उन्होंने तीनों नए कृषि कानूनों को रद करने और न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की गारंटी की मांग को जारी रखा। सरकार की ओर से कहा गया कि इन कानूनों पर चर्चा के लिए अलग छोटा समूह बनाकर समस्या और शंका का समाधान ढूंढ़ा जा सकता है। सरकार का यह प्रस्ताव भी किसान नेताओं को नहीं भाया, जिसे उन्होंने खारिज कर दिया।

दो नए कृषि कानूनों के साथ तीसरा कानून संशोधित आवश्यक वस्तु अधिनियम का है, जिस पर केंद्रीय उपभोक्ता व खाद्य मंत्री गोयल ने विस्तार से अपनी बात रखी। गोयल ने किसान नेताओं से इसके संशोधनों के किसी भी एतराज वाले बिंदु के बारे में जानकारी मांगी। इस पर भी किसान नेता चुप्पी साध गए और कहा कि पुराना कानून ही ठीक था। लेकिन इसमें खराबी क्या है, यह उन्होंने नहीं बताया।

बैठक समाप्त होने के बाद तोमर ने बाहर आकर पत्रकारों से बातचीत की। उन्होंने कहा कि वार्ता सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में हुई। लेकिन चर्चा निर्णायक नहीं रही। 19 जनवरी को दोपहर 12 बजे एक बार फिर दोनों पक्ष बैठेंगे, जिसमें समाधान तक पहुंचने की कोशिश की जाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार को आंदोलनकारी किसानों की चिंता है। पहले की वाताओं में किसान संगठनों के मत के आधार पर कुछ शंकाओं को पहचाना गया था, जिसके आधार पर सरकार की ओर से प्रस्ताव तैयार कर उन्हें भेजा गया था।

### तोमर ने राहुल पर कसा तंज

कृषि कानूनों के विरोध में कांग्रेस भी कूद गई है। राहुल गांधी के बयान को लेकर तोमर ने कहा कि उनके बयान पर पूरी कांग्रेस हंसती और उपहास उड़ाती है। सोनिया गांधी को सामने आकर बताना चाहिए कि 2019 के लोकसभा चुनाव के घोषणापत्र में इन कानूनों को लागू करने की बात को शामिल करके कांग्रेस ने तब गलती की थी या अब कर रही है? सुप्रीम कोर्ट का सभी को सम्मान करना चाहिए।

## पीएम मोदी 17 जनवरी को 8 ट्रेनों को दिखाएंगे हरी झंडी, इन शहरों से सीधे पहुंच सकेंगे स्टैचू ऑफ यूनिटी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को देश के विभिन्न भागों से गुजरात के केवड़िया जाने वाली आठ ट्रेनों को हरी झंडी दिखाकर विदा करेंगे। केवड़िया में देश के पहले गृह मंत्री और लौह पुरुष माने जाने वाले सरदार वल्लभ भाई पटेल विशाल प्रतिमा है, जिसे स्टैच्यू ऑफ यूनिटी नाम दिया गया है। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) की तरफ से शुक्रवार को जारी बयान में कहा गया है कि वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये आयोजित इस कार्यक्रम में पीएम मोदी गुजरात से जुड़े और कई रेल परियोजनाओं का भी उद्घाटन करेंगे। वह ब्राड गेज लाइन और दभोई, चंदोद और केवड़िया के रेलवे स्टेशन के नए भवनों का भी उद्घाटन करेंगे। पीएमओ ने कहा है कि इन रेलवे स्टेशन की इमारतों को स्थानीय विशेषताओं को शामिल करते हुए खूबसूरत ढंग से डिजाइन किया गया है, साथ ही यात्रियों के लिए अत्याधुनिक सुविधाओं को भी उपलब्ध कराया गया है। ग्रीन बिल्डिंग सर्टिफिकेशन वाला केवड़िया देश का पहला रेलवे स्टेशन है। प्रधानमंत्री जिन ट्रेनों को हरी झंडी दिखाएंगे, वो केवड़िया को वाराणसी, दादर, अहमदाबाद, हजरत निजामुद्दीन, रीवा, चेन्नई और प्रतापनगर से जोड़ेंगी। यह एक्सप्रेस ट्रेन सेवा दुनिया की सबसे ऊंची प्रतिमा स्टैचू ऑफ यूनिटी जाने वाले पर्यटकों के लिए शुरू की जाएगी। अधिकारियों ने कहा कि नियमित रेल सेवा से पर्यटन स्थल पर अधिक पर्यटक आएंगे। रेल मंत्रालय ने स्टैचू ऑफ यूनिटी के पास केवड़िया रेलवे स्टेशन बनाया है, जिसका उद्घाटन भी रविवार को पीएम करेंगे।

पीएम मोदी रविवार को दाभोई-चंदोद-केवड़िया ब्रॉड गेज रेल लाइन और प्रतापनगर-केवड़िया नव विद्युतीकृत खंड का उद्घाटन करेंगे। प्रतापनगर वडोदरा जिले में स्थित है और इस खंड में एक नियमित मेमू सेवा शुरू होगा। एक अधिकारी ने कहा कि इस कनेक्टिविटी का मुख्य फोकस स्थानीय और बाहरी पर्यटकों को आकर्षित करना है। सरकार ने इसे सबसे आकर्षक पर्यटन केंद्रों में से एक बनाने का लक्ष्य रखा है।

## दिल्ली में भीषण ठंड, शीत लहर की चपेट में उत्तर भारत



**नई दिल्ली, एजेंसी।** पहाड़ों पर बर्फबारी कम हो गई है लेकिन मैदानी इलाकों में शीतलहर का प्रकोप जारी है।दिल्ली में पिछले कई दिनों से लगातार तापमान में गिरावट देखने को मिल रही है। इसके साथ ही घने कोहरे की चादर भी राजधानी दिल्ली में छाई हुई है। सुबह के वक्त दिल्ली के लोधी रोड इलाके में न्यूनतम तापमान 5 डिग्री दर्ज किया गया। तो वही दिल्ली के अलग अलग इलाकों में विजिबिलिटी 200 मीटर दर्ज की गई. मौसम विभाग की माने तो अगले एक से दो दिन तक इसी तरह का मौसम दिल्ली में बना रहेगा। दिल्ली, यूपी, बिहार, पंजाब हरियाणा और राजस्थान में इन दिनों भीषण ठंड पड़ रही है। शनिवार को राजधानी दिल्ली के कई हिस्सों में घने कोहरे का अनुमान जताया गया है। आईएमडी के क्षेत्रीय पूवार्नुमान केंद्र के प्रमुख कुलदीप श्रीवास्तव ने कहा कि पश्चिमी हिमालय से आने वाली ठंडी और शुष्क उत्तरी-उत्तरपश्चिमी हवाओं से गुरुवार को दिल्ली में न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई। फिर हवा की दिशा बदलकर उत्तर-पूर्व की ओर हो गई।

इसके अलावा, दिल्ली में आंशिक रूप से बादल छाए रहने के कारण न्यूनतम तापमान में वृद्धि हुई है। एक जनवरी को, शहर में न्यूनतम 1.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था, जो 15 वर्षों में इस महीने के लिए सबसे कम था। दिल्ली में सोमवार तक न्यूनतम तापमान सामान्य से अधिक दर्ज किया, क्योंकि लगातार पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव के चलते शहर में बादल छाए रहे। हालांकि, नवीनतम विक्षोभ की वापसी के बाद सर्द उत्तर-पश्चिमी हवाओं के शुरू होने से तापमान गिरना शुरू हो गया।

उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में आज सुबह घना कोहरा छाया रहा। कोहरे की वजह से विजिबिलिटी कम हो गई। मौसम विभाग के मुताबिक शहर में आज न्यूनतम तापमान 5 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है।

कश्मीर अभी भयंकर शीतलहर की चपेट में है, जबकि पूरी घाटी में पारा शुक्रवार को शून्य से कई डिग्री नीचे गिर गया, जिससे डल झील सहित कई जलाशयों में पानी जम गया। मौसम विभाग के अधिकारियों ने बताया कि श्रीनगर में न्यूनतम तापमान शून्य से 7.6 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया, जो इस साल इस मौसम के सामान्य न्यूनतम तापमान से पांच डिग्री कम है। शहर में गुरुवार को न्यूनतम तापमान शून्य से 8.4 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया था, जो 1991 के बाद श्रीनगर में सबसे कम तापमान था। श्रीनगर में 1995 में तापमान शून्य से 8.3 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया था,।

# कोरोना के खिलाफ दुनिया का सबसे बड़ा टीकाकरण अभियान आज से

**कोरोना के खिलाफ शनिवार को दुनिया का सबसे बड़ा टीकाकरण अभियान शुरू होने जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कोरोना की रोकथाम के लिए टीकाकरण अभियान का वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए उद्घाटन करेंगे।**



**नई दिल्ली, एजेंसियां।** कोरोना महामारी से जंग के बीच भारत इतिहास रचने को तैयार है। देश ने दुनिया के सबसे बड़े टीकाकरण अभियान के लिए कमर कस ली है। शनिवार, 16 जनवरी को सुबह 10:30 बजे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये टीकाकरण के पहले चरण का उद्घाटन करेंगे। पहले चरण में तीन करोड़ स्वास्थ्यकर्मियों को टीका लगाया जाएगा। प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि यह दुनिया का सबसे बड़ा टीकाकरण अभियान होगा। यह अभियान देश के सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में एक साथ शुरू होगा। इसे लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री हर्षवर्धन ने शुक्रवार को देश में टीकाकरण की तैयारियों की समीक्षा की। इस दौरान केंद्रीय मंत्री ने निर्माण भवन में स्थापित कोविड कंट्रोल रूम का भी मुआयना किया। उन्होंने टीकाकरण के लिए स्वास्थ्य मंत्रालय की तरफ से तैयार ऑनलाइन प्लेटफॉर्म को-विन के भी सभी पहलुओं की समीक्षा की।

देश में दो टीकों के इमरजेंसी इस्तेमाल को मंजूरी मिली है। इनमें सीरम इंस्टीट्यूट की कोविशील्ड और भारत बायोटेक की कोवैक्सीन शामिल हैं। कोवैक्सीन पूरी तरह स्वदेशी वैक्सीन है। वहीं कोविशील्ड को ऑक्सफोर्ड एस्ट्राजेनेका ने विकसित किया है, जिसे भारत में सीरम इंस्टीट्यूट बना रहा है।

केंद्रीय मंत्री हर्षवर्धन ने कहा कि आबादी को देखते हुए यह दुनिया का सबसे बड़ा टीकाकरण अभियान है। टीकों के असर को लेकर अफवाहों को देखते हुए हर्षवर्धन ने जोर देकर कहा कि दोनों टीके पूरी तरह सुरक्षित और प्रभावी हैं। महामारी को नियंत्रित करने में दोनों की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। इस बीच निर्वाचन आयोग ने भी इस अभियान पूरी मदद करने की बात कही है। आयोग बूथ स्तर पर लाभार्थियों की पहचान करने में सरकार की पूरी मदद करेगा। सूत्रों ने बताया कि बीते 31 दिसंबर को केंद्रीय गृह सचिव अजय भल्ला ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त सुनील अरोड़ा को पत्र लिखकर बूथ स्तर पर 50 साल से अधिक उम्र के लोगों की पहचान करने में मदद करने की अपील की थी।

डाटा सुरक्षा के मुद्दे पर गृह सचिव ने निर्वाचन आयोग को आश्वस्त कराया है कि केवल टीकाकरण के लिए डाटा का इस्तेमाल किया जाएगा। सूत्रों का कहना है कि निर्वाचन आयोग के वरिष्ठ अधिकारी केंद्रीय गृह मंत्रालय और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के नोडल अधिकारियों के लगातार संपर्क में रहेंगे ताकि लाभार्थियों की पहचान में आ रही समस?याओं का समाधान किया जा सके।

कोविड-19 टीकाकरण अभियान को लेकर कुछ निर्देश भी जारी किए गए हैं। इन दिशानिर्देशों के मुताबिक, लोकसभा और विधानसभा चुनावों की नवीनतम मतदाता सूची का इस्तेमाल 50 वर्ष से अधिक उम्र के प्राथमिकता वाले लोगों का पता लगाने में किया जाएगा। टीकाकरण के लाभार्थियों की पहचान के लिए मतदाता पहचान पत्र, आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पासपोर्ट और पेंशन दस्तावेज सहित 12 पहचान पत्रों की दरकार होगी।

सरकार की ओर से जारी बयान के मुताबिक, सबसे पहले करीब एक करोड़ स्वास्थ्यकर्मियों और अग्रिम मोर्चे पर कोरोना के खिलाफ मोर्चा संभालने वाले दो करोड़ कर्मचारियों को टीका लगाया जाएगा। इसके बाद 50 साल से अधिक उम्र के लोगों और उन लोगों की बारी आएगी जो पहले से ही दूसरी बीमारियों से जूझ रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी पहले ही साफ कर चुके हैं कि स्वास्थ्यकर्मियों और अग्रिम मोर्चे पर तैनात कर्मचारियों के टीकाकरण का खर्च केंद्र सरकार खुद उठाएगी।

## एमपी में शनिवार से शुरू होगा कोरोना वैक्सीन का शुभ मुहूर्त, 4 हफ्ते में 2.25 लाख लोगों को लगेगा टीका

**भोपाल, जेएनएन।** 30 जनवरी 2020 यही वह दिन था, जब देश में कोरोना का पहला केस सामने आया। इसके बाद लगभग साल भर का समय जिस तरह गुजरा, वह अपने आप में इतिहास है। देशवासियों ने ऐसे दिन देखे, जिसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती। इन सबके बीच जिस दिन की हर भारतवासी को प्रतीक्षा थी, वह दिन एक साल से भी कम समय में आज आ ही गया है। 30 जनवरी 2020 लोगों के बीच भय पैदा करने वाला दिन था, तो 16 जनवरी 2021 देश के लोगों के बीच से इस डर को खत्म करने का, नई उम्मीदों का, नए सपने बुनने का और कोरोना पर जीत का दिन है। शनिवार को कोरोना टीकाकरण अभियान की देश भर में शुरूआत हो रही है। मध्य प्रदेश में टीकाकरण सुबह नौ बजे से शुरू होगा। प्रदेश में 150 केंद्रों पर हर दिन 15 हजार कर्मचारियों को टीका लगाया जाएगा। हफ्ते में चार दिन सोमवार, बुधवार, गुरुवार और शनिवार को टीकाकरण होगा। चार हफ्ते में 2.25 लाख लोगों को टीका लगाया जाएगा। इसमें निजी व सरकारी अस्पतालों में काम करने स्वास्थ्यकर्मी व अन्य कर्मचारी शामिल हैं।टीका लगवाने के लिए हितग्राहियों को शुक्रवार शाम पांच से छह बजे के बीच एसएमएस भेज दिए गए। जिस सीरियल नंबर से कोविन पोर्टल में स्वास्थ्यकर्मियों के नाम दर्ज हैं उसी क्रम से टीका लगवाने के लिए एसएमएस भेजा गया है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान प्रदेश में टीकाकरण का शुभारंभ सिंगरौली से शनिवार सुबह 10:30 बजे करेंगे।

हर जिले में बड़े डॉक्टरों को पहले लगेगा टीका मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सबसे पहले सफाईकर्मियों को टीका लगाने को कहा है। इसके बाद हर शहर में बड़े डॉक्टरों को ब्रांड एंबेसडर के तौर पर टीका लगाया जाएगा।

## एयरो इंडिया-2021 को लेकर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने की समीक्षा बैठक, तैयारियों का लिया जायजा

**रक्षा मंत्रालय ने अपने बयान में कहा कि एयरो इंडिया-2021 में भौतिक और वर्चुअल दोनों तरह के स्टॉल लगाए जाएंगे। इसके परिणामस्वरूप ज्यादा से ज्यादा संख्या में लोग इसमें शमिल हो सकेंगे। इसे एक व्यवसायिक कार्यक्रम के रूप में आयोजित किया जा रहा है।**



**नई दिल्ली, एएनआइ।** इस साल देश में होने जा रहे एयरो इंडिया-2021 की तैयारियों को लेकर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को एक समीक्षा बैठक की। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि एयरो इंडिया 2021 को अब 3 से 5 फरवरी के बीच एक व्यवसायिक कार्यक्रम के रूप में आयोजित किया जा रहा है। यह तीन दिवसीय कार्यक्रम दुनिया की पहली हाइब्रिड प्रदर्शनी होगी जिसमें व्यावसायिक तत्व शामिल होंगे।

बैठक के दौरान, रक्षा मंत्री ने आयोजन के सुरक्षित संचालन और इसे विश्व अ & ऊउद्योग के लिए समावेशी बनाने पर जोर दिया। रक्षा मंत्रालय ने अपने बयान में कहा कि एयरो इंडिया-2021 में भौतिक और वर्चुअल दोनों तरह के स्टॉल लगाए जाएंगे। इसके परिणामस्वरूप ज्यादा से ज्यादा संख्या में लोग इसमें शमिल हो सकेंगे।' रक्षा मंत्री ने कहा कि इस कार्यक्रम में शामिल होने वाले लोग सेमिनार में भाग ले सकते हैं और प्रदर्शकों और प्रतिनिधियों के साथ बातचीत कर सकते हैं। मंत्रालय ने आगे कहा, 'एयरो इंडिया एक प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय एयरोस्पेस और रक्षा (ए एंड डी) प्रदर्शनियों में से एक है। इसमें सभी स्तरों पर सक्रिय भागीदारी, साझा जिम्मेदारी और सिंक्रनाइज प्रयासों की आवश्यकता होती है।'

इस कार्यक्रम का विषय 'रनवे टू ए बिलियन अपॉर्च्यूनिटीज' है, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आत्मानिभर भारत के प्रति सोच को ध्यान में रखा गया है। इस बैठक में कर्नाटक के मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा और कर्नाटक के मुख्य सचिव पी. रवि कुमार, सीडीएस जनरल बिपिन रावत, और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने हिस्सा लिया। इसके अलावा रक्षा मंत्री ने आज एयरो इंडिया-21 मोबाइल एप्लिकेशन भी लॉन्च किया, जो इवेंट से जुड़े सभी अपडेट्स के लिए उपयोगी इंटरेक्टिव इंटरफेस होगा। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि 576 प्रदर्शकों और 35 से अधिक विदेशी शिष्टमंडलों ने इस कार्यक्रम के लिए पंजीकरण किया है।

# भारत और नेपाल के विदेश मंत्रियों की अगुवाई में संयुक्त आयोग की बैठक

**विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अपने नेपाली समकक्ष प्रदीप कुमार ज्ञवाली के साथ बैठक की। इस बैठक में दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों के सभी आयामों पर चर्चा की। अधिकारियों ने बताया कि यह वार्ता भारत-नेपाल संयुक्त आयोग की बैठक यानी जेसीएम के ढांचे के तहत हो रही है।**



**नई दिल्ली, जेएनएन/एजेंसियां।** भारत और नेपाल के रिश्तों में फंसे कई पेंच अब सुलझते नजर आ रहे हैं। विदेश मंत्री एस जयशंकर और उनके नेपाली समकक्ष प्रदीप कुमार ज्ञवाली अगुवाई में शुक्रवार को संयुक्त आयोग यानी जेसीएम की बैठक हुई। इस बैठक में द्विपक्षीय संबंधों के सभी आयामों पर चर्चा की गई। इस बैठक को हाल के दिनों में दोनो देशों के बीच हुई सबसे महत्वपूर्ण बैठकों में से एक बताया जा रहा है। आइये जानें इस बैठक में दोनों देशों के बीच किन मसलों पर चर्चा हुई।

पिछले वर्ष नेपाल की तरफ से भारतीय जमीन को अपने नक्शे में दिखाने को लेकर उपजे विवाद के बाद यह दोनों देशों के बीच पहली उच्चस्तरीय बैठक थी। इस विवाद के चलते दोनों देशों के रिश्तों में काफी तल्खी आ गई थी... रही सही कसर नेपाल में चीन के सीधे हस्तक्षेप से बढ़ गई थी। लेकिन दोनो विदेश मंत्रियों की बैठक में द्विपक्षीय आर्थिक संबंधों से जुड़े तमाम मुद्दों के अलावा सीमा विवाद पर भी बातचीत हुई।

जेसीएम के बाद भारतीय विदेश मंत्रालय की तरफ से बयान जारी किया गया। इस बयान से साफ संकेत मिल रहे हैं कि भारत अपने पड़ोसी देशों की शंका-आशंकाओं के समाधान के लिए कितना खुला दिमाग रखता है। इसमें कहा गया है कि दोनों देशों के बीच सीमा प्रबंधन से जुड़े मुद्दों पर चर्चा हुई है।

भारत अभी तक कहता रहा है कि सीमा विवाद से जुड़े किसी भी विवाद के समाधान के लिए दोनों देशों के बीच एक व्यवस्था बनी हुई है और नेपाल को कोई समस्या है तो उसी में इस मुद्दे को उठाना चाहिए। लेकिन विदेश मंत्री के स्तर की बैठक में भी भारत ने इस मुद्दे पर बात कर अपन लचीले रुख का प्रदर्शन किया है।

शुक्रवार को हुई इस बैठक में कोविड वैक्सीन का मुद्दा भी खास रहा। भारत पहले से ही कोविड महामारी से लड़ने में नेपाल को कई तरह से मदद दे रहा है। नेपाल की तरफ से एक करोड़ से ज्यादा वैक्सीन की मांग की गई है। भारत अपनी जरूरत का आकलन कर रहा है और जब वह दूसरे देशों को वैक्सीन की आपूर्ति करेगा तो नेपाल को प्राथमिकता के तौर पर लेगा। नेपाल सरकार ने भारत निर्मित कोविशील्ड वैक्सीन के आपात इस्तेमाल को मंजूरी भी दे दी है।

समाचार एजेंसी पीटीआइ के मुताबिक, विदेश मंत्री एस. जयशंकर और प्रदीप कुमार ज्ञवाली के बीच हुई बैठक में दोनों नेताओं ने संपर्क, अर्थव्यवस्था, कारोबार, ऊर्जा, तेल एवं गैस, जल संसाधन, राजनीतिक और सुरक्षा से जुड़े मसले, सीमा प्रबंधन, पर्यटन समेत सहयोग के अनेक पहलुओं पर विस्तृत बातचीत की। इस बैठक में दोनों देशों के बीच बहुआयामी सहयोग के सभी विषयों की समीक्षा की गई और दोस्ताना संबंधों को मजबूत बनाने पर चर्चा की गई। बैठक में भारत की मदद से चलाई जा रही सभी परियोजनाओं की समीक्षा भी की गई और भारत ने आश्वस्त किया कि जो भी परियोजनाएं चलाई जा रही हैं उनको समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाएगा और उसमें कोई कोताही नहीं होगी। बीरगंज और बिराटनगर में भारत की मदद से निर्मित चेकपोस्ट से द्विपक्षीय कारोबार को काफी मदद मिल रही है और जल्द ही नेपालगंज में तीसरा चेकपोस्ट तैयार हो जाएगा।

भारत ने भैरवा में चौथा चेकपोस्ट बनाने की भी मंजूरी दे दी है। भारत ने नेपाल में दो और हेरिटेज स्थल के विकास की योजना नेपाल के समक्ष बताई। रक्सौल व काठमांडू के बीच रेल परियोजना शुरू करने की संभावना पर भी बातचीत की गई है।

दोनों देशों के रिश्तों मे चीन का पेंच भी फंसा हुआ है और हाल ही में जिस तरह से नेपाल की राजनीतिक अस्थिरता में चीन ने हस्तक्षेप किया है उससे भारत में भी चिंता है। आधिकारिक तौर पर इस बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई है लेकिन संकेत है कि नेपाल की के पी शर्मा ओली की सरकार का रूख पहले से काफी बदल गया है।

## डीसीजीआई ने डॉ रेड्डीज लैबोरेटरीज को कोविड वैक्सीन स्पूतनिक-वी के तीसरे चरण के ट्रायल को मंजूरी दी

**नई दिल्ली, एजेंसियां।** दवा कंपनी डॉ. रेड्डीज लैबोरेटरीज को कोविड वैक्सीन स्पूतनिक-वी के तीसरे चरण के क्लिनिकल ट्रायल के लिए भारत के औषधि महानियंत्रक यानी डीसीजीआई से मंजूरी मिल गई है। हैदराबाद स्थित कंपनी डॉ. रेड्डीज लैबोरेटरीज ने शुक्रवार को बताया कि इस टीके का तीसरे चरण का ट्रायल 1,500 लोगों पर किया जाएगा।

डेटा एवं सुरक्षा निगरानी बोर्ड ने इस हफ्ते की शुरूआत में टीके के दूसरे चरण के क्लिनिकल परीक्षण के आंकड़ों की समीक्षा की थी। डेटा एवं सुरक्षा निगरानी बोर्ड ने समीक्षा के बाद तीसरे चरण के लिए स्वयंसेवकों को भर्ती करने की सिफारिश की थी। अपनी रिपोर्ट में डीएसएमबी ने कहा था कि टीके में किसी प्रकार की सुरक्षा चिंता का पता नहीं चला है।

डॉ रेड्डीज लैबोरेटरीज के सह अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक जीवी प्रसाद ने कहा कि हमें उम्मीद है कि तीसरे चरण का ट्रायल हम इसी महीने शुरू कर देंगे। उन्होंने कहा कि डॉ रेड्डीज लैबोरेटरीज भारतीय आवाम के लिए सुरक्षित एवं प्रभावी कोविड वैक्सीन लाने की कोशिशें जारी रखेगी। स्पूतनिक-वी रूस निर्मित टीका है। भारत में स्पूतनिक-वी का ट्रायल डॉ. रेड्डीज लैब कर रही है। रूस में हुए ट्रायल में इस टीके को 91.4 फीसद कारगर पाया गया है। संयुक्त अरब अमीरात, वेनेजुएला, मिस्त्र और बेलारूस में भी इसका परीक्षण चल रहा है। रूस ने बीते दिनों कहा था कि वह अपनी कोविड वैक्सीन स्पुतनिक-वी के अनुमोदन के लिए अगले महीने यूरोपीय संघ में एक औपचारिक आवेदन प्रस्तुत करेगा। स्पुतनिक- वी का उत्पादन सात देशों में किया जाएगा। नौ देशों के नियामकों की ओर से वैक्सीन को मंजूरी मिलने की उम्मीद है।

## संक्षेप समाचार

### आप पार्टी का जनसंवाद आज

**सहसो।** आम आदमी पार्टी की फूलपुर विधानसभा इकाई पंचायत चुनावों में जीत सुनिश्चित करने के लिए गांव गांव जा कर जनसंवाद करेगी। जिसकी शुरूआत आज सोलह जनवरी को बहादुरपुर गाँव मे ब्लाक अध्यक्ष एडवोकेट राकेश कुमार चौधरी के आवास पर दोपहर बाद दो बजे से किया जायेगा। जिसकी जानकारी पार्टी के फूलपुर विधानसभा अध्यक्ष आलोक धर द्विवेदी ने दी है।

### नौ दिन श्री राम कथा का आयोजन सोमवार से

**सहसों।** श्री रामचरित मानस सम्मेलन समिति सहसों के तत्वावधान में सोमवार 18 जनवरी से सहसों बाजार स्थित केसरवानी धर्मशाला में अयोध्या से पधारें कथावाचक संत निर्मल दास जी महाराज के द्वारा श्रीरामचरित मानस कथा का रसपान कराया जाएगा। उक्त जानकारी समिति के अध्यक्ष आशीष केसरवानी ने दी है।

# किशोर की हत्या कर शव नाले में फेंका अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा के ग्राम कटभर परमेजपुर में किशोर के सिर में गंभीर चोटें पहुंचा कर हत्या पर सनसनी**



घटना के बाद जुटी लोगों की भीड़ व पूंछताछ करती पुलिस

**मऊआइमा।** मऊआइमा के ग्राम कटभर परमेजपुर में घर से सौ मीटर दूर एक किशोर का शव रात में मिलने से सनसनी फैल गई। किशोर को लेकर परिजन पहले जिन्दा होने की उम्मीद पर स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाए जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। तथा डॉग स्क्वायड की टीम भी पहुंची। मृतक किशोर के पिता ने अज्ञात कातिलों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज करा दिया है। पुलिस दो संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

मऊआइमा थाना क्षेत्र के कटभर परमेंजपुर गांव निवासी सर्वेश कुमार गौतम का 12 वर्षीय पुत्र आदर्श कुमार गुरुवार को घर में हुए पूजा के बाद शाम को आए हुए मेहमानों को भोजन खिलवाने के बाद रात्रि नौ बजे से गायब हो गया। बताया गया है कि फिर आदर्श कुमार का कुछ पता नहीं चला । परिजन रात में तलाशते-तलाशते घर से सौ मीटर दूर खेत के पास एक नाले में आदर्श कुमार को पड़ा हुआ देखे जिसके सिर में गंभीर चोटें थी और खून बह रहा था। परिजन आदर्श कुमार को लेकर रात्रि एक बजे स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर ले गए जहां डाक्टरों ने बताया कि सिर में गंभीर चोटों एवं अधिक खून निकल जाने से आदर्श कुमार की मौत हो चुकी है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक आदर्श कुमार के पिता सर्वेश कुमार पुत्र राम सुन्दर ने मऊआइमा थाने में अज्ञात हत्यारों के खिलाफ धारा 302 एवं 201 के तहत कत्ल का मुकदमा दर्ज करा दिया है। शुक्रवार को दिन में डॉग स्क्वायड की टीम कटभर परमेजपुर गांव में तमाम स्थानों पर छान बीन की परन्तु कुछ हासिल नहीं हुआ। पुलिस ने गांव के इन्द्र बहादुर और पप्पू को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है । बताया गया है कि मृतक आदर्श कुमार एक बहन तीन भाईयों में सबसे छोटा था। परिजनों में कोहराम मचा हुआ है । सबका रो-रो कर बुरा हाल है। एक मासूम किशोर की हत्या क्यों कि गयी इस पर ग्रामीणों को काफी हैरत में डाल दिया है। उधर इंस्पेक्टर का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने का इंतजार है वैसे आरोपियों का जल्द पता चल जाएगा।



बाइक झूले का आनंद उठाते बच्चे

# मकर संक्रांति पर मनैया मेले में नौनिहालों ने झूले का खूब उठाया लुत्फ

**करछना।** मकर-संक्रांति के अवसर पर क्षेत्र के मनु गंगा तट घाट मनैया मे दो दिवसीय लगने वाले मले में भारी भीड़ जुटी, प्राचीन इस मेले आसपास के कयी गांव से लोग मकर-संक्रांति के अवसर पर आकर गंगा तट घाट मनैया मे स्नान करने के बाद शिव मंदिर में जला अभिषेक पास में लगने वाले दो दिवसीय मेले में घर गृहस्थी की जरूरत के सामानों की खरीदारी कर सर्कस, झूले आदि का आनंद उठाते हैं, इस वर्ष भी मेला परिसर में बड़ी संख्या में नौनिहालो ने झूला झूल कर मौज मस्ती का आनंद उठाते दिखें ।

# नई ऊर्जा से भर देता है मकर संक्रांति का पर्व

**नगर पंचायत शंकरगढ़ में धूमधाम से मनाई गई खिचड़ी**



कार्यक्रम में उपस्थित बच्चे व अन्य

**शंकरगढ़।** सूर्य उत्तरायण का पर्व मकर संक्रांति का पर्व गुरुवार को पूरे जनपद में धूमधाम के साथ मनाया गया। यमुनापार के शंकरगढ़ कस्बे में भी मकर संक्रांति पर्व की धूम रही। सरस्वती शिशु विद्या मंदिर शंकरगढ़ के प्रांगण में खिचड़ी धूमधाम से मनाई गई। विद्यालय परिसर में आयोजित मकर संक्रांति पर्व पर शिक्षक रमेश केसरवानी ने कहा कि समूचे जगत को ऊर्जा देने वाले और जागृत करने वाले सूर्यदेव आज से उत्तरायण हो रहे हैं, इसे हम सभी बड़े दिन के रूप में भी जानते हैं। कहा कि इस त्यौहार का मकसद समाज में सभी लोगों के बीच में आपसी सौहार्द समरसता को बनाए रखना है।

सूर्य उत्तरायण का यह पर्व राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पूरे देश में मनाता है। मकर संक्रांति उत्सव संघ के 6 उत्सव में से एक महत्वपूर्ण उत्सव है, जिसमें अपने देश में रह रहे समाज के हर वर्ग को यह एहसास कराना भी है कि हम सभी सगे सहोदर भाई हैं। कोई ऊंचा या नीचे नहीं है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से खंड कार्यवाह नरेंद्र जी, व्यापार मंडल के अध्यक्ष मूलचंद गुप्ता, प्रधान अरुण सिंह, रतन केसरवानी, डॉक्टर प्रेमचंद्र केसरवानी, दीपक, जय, शिव शुक्ल, सुनील सहित तमाम लोग मौजूद रहे। अंत में प्रधानाचार्य/ आयोजक रामानुज गुप्ता ने सभी के प्रति आभार जताया और संक्रांति की बधाई दी।

# ठंड बढ़ने से लोग हुए बेहाल

**करछना।** लगातार तीन दिनों से मौसम मे अचानक परिवर्तन आने के कारण और ठंड का प्रकोप बढ़ने से लोग काफी परेशान नजर आ रहे हैं। इधर लगातार पछुआ हवाओं ने उत्तर के पहाड़ी क्षेत्रो की बर्फबारी को पूरे क्षेत्र मे हाड़ कंपाने वाली शर्द हवाओं से से जगह जगह लोग अलावा का सहारा ले रहे हैं। वहीं प्रशासन की ओर से कागजों और इक्का दुक्का स्थानो पर अलाव जला कर अपनी इतिश्री कर ली है। इन शर्द हवाओं के चलते गरीब लोग अपने खपरैलनुमा घरो म दुबके हुए हैं। लोगों का कहना है कि प्रशासन को ऐसी विषम परिस्थिति में जगह जगह अलाव की व्यवस्था और गरीबों को कंबल वितरण की व्यवस्था किया जाना जरूरी है। वहीं किसान ठंड बढ़ने अपनी गेहूं की फसल को फायदा बता रहे हैं। लेकिन कुहरे से सरसों की फसल को नुकशान की आशंका है।

# सपाइयों ने प्रबुद्ध किसान महापंचायत में लगाई दहाड़



मुख्य अतिथि का माला पहनाकर स्वागत करते कार्यकर्ता

**हंडिया।** प्रतापपुर विधानसभा के रनियाडीह गांव में सपाइयों ने किसान महापंचायत चौपाल लगा कर सरकार के खिलाफ दहाड़ लगाई हैं। प्रबुद्ध किसान महापंचायत कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक जोखुलाल यादव ने कहा कि अगर सपा की सरकार बनी तो किसानों पर बने काले बिल कानून को खत्म कर दिया जायेगा।कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि सपा जिला उपाअध्यक्ष राम सुमेर पाल ने कहा कि समाजवादी पार्टी सरकार के जो भी कार्य रहे व सराहनीय कार्य रहा है आगे कहा कि मुख्य वक्ता सन्दीप पटेल ने कहा कि इस सरकार से किसान की स्थिति दयनीय बन गयी है। किसानों के साथ घोर अन्याय किया जा रहा है।ज्ञान न होने की वजह गांव में कई सवाल खड़े हैं। उन्होंने कहा कि अगर आपको न्याय के लिये लड़ना है तो पढ़ना पड़ेगा।पूर्व जिला अध्यक्ष द्वारिका कुशवाहा ने कहा कि भाजपा लोगो को गुलाम बनानाचाहती हैं। वर्तमान नई शिक्षा नीति लाई है जो लोगो के लिए खतरनाक होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता रामलाल विश्वकर्मा ने किया। संचालन अवधेश यादव ने की। आयोजक सन्तोष यादव ने आये हुए सभी अतिथियों का आभार जताया। इस अवसर पर राम सुमेर पाल, जिला उपाध्यक्ष, सन्दीप पटेल, द्वारिका कुशवाहा, कुंज बिहारी, आकाश यादव, कमला शंकर यादव, सुरेश पाल, ओम प्रकाश यादव, कमला शंकर यादव, बब्बू प्रधान, योगेश पाल, राम बाबू यादव, कुशल आदि लोग मौजूद रहे।

### फाफामऊ में अस्थायी मार्ग से होगा बसों का आवागमन

**प्रयागराज।** फाफामऊ के कछार में बने अस्थायी मार्ग से सड़क परिवहन निगम व निजी बसों का संचालन शुरू हो सकता है। सब कुछ ठीक रहा तो माघ मेला के मौनी अमावस्या स्नान पर्व तक कछार के रास्ते लखनऊ, फैजाबाद की बसों का संचालन शुरू हो जाएगा। मार्ग पर बसों का संचालन शुरू होने से यात्रियों को अतिरिक्त किराया नहीं देना पड़ेगा। अस्थायी मार्ग से बसों का संचालन शुरू करने को लेकर एडीएम फाइनेन्स मार्तदंड सिंह के नेतृत्व में सड़क परिवहन निगम, एनएचएआई और लोक निर्माण विभाग की टीम मौके पर गई। प्रशासनिक अधिकारी ने बस संचालन के लिए अस्थायी मार्ग को और दुरुस्त करने के लिए कहा है। अधिकारियों ने मलाक हरहर क्रॉसिंग के पास से फाफामऊ ब्रिज तक बस चलाने के लिए मार्ग ठीक करने का निर्णय लिया। अस्थायी मार्ग पर चकर्ड प्लेटें लगाई जाएंगी। प्रशासनिक अधिकारी के साथ निरीक्षण में गए प्रयाग डिपो के एआरएम बीएन तिवारी ने बताया कि मौनी अमावस्या से पहले मार्ग दुरुस्त करने का लक्ष्य है। यह मार्ग चालू होने से प्रयागराज, लखनऊ और फैजाबाद के बीच चलने वाली बसें झूंसी, सहसों या कोखराज बाईपास होकर जाने की मजबूरी नहीं होगी।

# रामाशीष के पुण्यतिथि पर लगी भीड़



शहीद की पुण्यतिथि पर श्रद्धासुमन अर्पित करते लोग

**खीरी।** कोरांव तहसील क्षेत्र के खीरी बाजार के निकट ऊंचगांव ग्राम सभा में शहीद हुए राम अशीष सिंह चौहान के पुण्यतिथि पर प्रत्येक वर्ष की तरह जनवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं समेत स्थानीय लोगों ने पहुंचकर श्रद्धा सुमन अर्पित की । जिसमें सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

जानकारी के अनुसार प्रत्येक वर्ष की तरह रामाशीष के पुण्यतिथि पर स्थानीय रमाशंकर सिंह चौहान के नेतृत्व में जनवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय सिंह चौहान समेत राष्ट्रीय प्रवक्ता व राष्ट्रीय सचिव सत्य कुमार चौहान, प्रदेश अध्यक्ष मन्नी सिंह चौहान, प्रयागराज के जिला सचिव मुन्ना सिंह चौहान, उप जिला अध्यक्ष कालिका सिंह चौहान, विधानसभा अध्यक्ष शिवा सिंह चौहान, राम गणेश आदिवासी, राम मूरत कोटार्य, लालबाबू चौहान, रामकृपाल चौहान, श्रीकांत चौहान, रामभवन चौहान, विनोद सिंह चौहान, एवं सुशील सिंह चौहान ने श्रद्धा सुमन अर्पित की। वही डॉक्टर महेश यादव, के पी सिंह, बद्री सिंह यादव ,प्रमोद सिंह भी मौजूद रहे। बताते चलें कि राम आशीष सिंह चौहान स्थानीय ऊंचगांव के सम्मानित और सामाजिक कार्यकर्ता थे। उक्त पुण्यतिथि समारोह में जन वादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय सिंह चौहान ने बताया कि हम सब संयुक्त रूप से एक होकर सभी बड़े कार्यों को कर सकते हैं। वही प्रदेश अध्यक्ष मन्नी सिंह चौहान ने इतिहास और आजादी की लड़ाई में छिपाए गए इतिहास को विस्तार से बताया और शासन सत्ता की बातों पर प्रकाश डालें। कार्यक्रम की अध्यक्षता बद्री प्रसाद यादव ने किया वहीं संचालन नेता रमा शंकर सिंह चौहान ने किया।

# व्यापारी प्रतिष्ठानों की सुरक्षा हेतु व्यापार मंडल ने नियुक्त किए चौकीदार

**उरुवा।** क्षेत्र में बढ़ती चोरी को देखते हुए मेजा रोड व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने मेजा रोड के व्यापारियों के प्रतिष्ठानों की सुरक्षा हेतु दो चौकीदार नियुक्त किए। व्यापार मंडल अध्यक्ष पप्पू उपाध्याय ने कहा कि बाजार में आए दिन चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने हेतु दो चौकीदार राकेश कुमार व अनुराग चक्रवर्ती की नियुक्ति की गई है। चौकीदार समस्त बाजार का भ्रमण कर प्रतिष्ठानों की सुरक्षा में लगे रहेंगे, ताकि चोरी की घटनाएं न हो सके मंत्री ओपी पांडेय ने व्यापारियों से अपील करते हुए कहा कि समस्त व्यापारी अपनी प्रतिष्ठानों के बाहर लाइट जला कर जाएं। मेजा रोड चौकी प्रभारी पंकज त्रिपाठी व निरीक्षक नवीन सिंह ने कहा समस्त व्यापारी प्रतिष्ठानों के बाहर सीसीटीवी कैमरा जरूर लगाएं, जिससे अपराधिक घटनाओं में लिप्त लोगों की पहचान आसानी से हो सके आप सभी का सहयोग हम सब का मनोबल है। घटना को तत्काल पुलिस को अवगत कराएं।

# पूरे मेजा को मानता हूं परिवार : बाबा तिवारी



बाबा तिवारी के साथ समर्थक

**उरूवा।** लोगों के सुख दुःख में सदैव समर्पित भाव से खड़े रहने वाले नेता बाबा तिवारी अपने सामाजिक संगठन यमुनापार विकास मंच के विस्तार में जुटे हैं। क्षेत्र के लोगों द्वारा भी बढ़ चढ़कर इस संगठन में को लेकर न सिर्फ उत्सुकता है बल्कि भारी पैमाने पर लोग संगठन की सदस्यता भी ले रहे हैं। शुक्रवार को संगठन की एक बैठक उरुवा विकास खंड के सिकरा गांव में आयोजित की गई जहां सैकड़ो पुरुषों महिलाओं ने यमुनापार विकास मंच से जुड़कर सामाजिक कार्यों में सहभागिता करने का संकल्प लिया। लोगों को संबोधित करते हुए बाबा तिवारी ने कहा कि मैं हमेशा सेवा की भावना से लोगों के सुख दुःख में भागीदार बनने का प्रयास करता हूँ। अब अपने संगठन यमुनापार विकास मंच के माध्यम से इस सहयोग और सेवा की भावना को जन जन तक पहुचाने का बीड़ा उठाया है। मेरा प्रयास हमेशा है कि मैं लोगों की समस्याओ का निवारण कर सकूं और जहां तक मेरी क्षमता रहती है, जितना सामर्थ्य है मैं लोगों की समस्याओं का निवारण करता हूँ और करता रहूंगा। जिस दिन मेरी ताकत बड़ी हो जाएगी मेरा सामर्थ्य बड़ा हो जाएगा मैं इसी भाव से आप सबकी सेवा में सदैव रहूंगा। इस दौरान कार्यक्रम आयोजक रामरक्षा भारतीया को यमुनापार विकास मंच के उरुवा ब्लाक के अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ का अध्यक्ष मनोनीत किया गया जिनका माला पहनाकर मंच के प्रवक्ता रामशिरोमणि तिवारी और युवा समाजसेवी ने स्वागत किया। इस दौरान मुख्य रूप से रामशिरोमणि तिवारी, सूरज शुक्ल सत्या, रामरक्षा भारतीया, धीरज सोनी, रितेश तिवारी, विनायक शुक्ल, शीनू भारतीया, मंगला पटेल, जीतलाल कुशवाहा समेत सैकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# झटका विधि से बचाई फसल, हुआ लाखों का मुनाफा



फसलों को आवारा जानवरों से बचाने के लिए खेत में लगाये गये उपकरण

**सहसों।** क्षेत्र में झटका विधि से 10 बीघे खेती की हो रही सुरक्षा लागत भी बहुत कम है। क्षेत्र के बगई खुर्द गांव निवासी चंद्रशेखर मौर्य एवं अवधेश मौर्य ने झटका विधि अपनाकर अपनी फसलों की सुरक्षा आवारा मवेशियों एवं नीलगाय से करके लाखों रुपए मुनाफा कमा चुके हैं। जो अन्य किसानों के लिए नजीर बने हुए हैं। किसान वर्षों से नीलगाय सहित आवारा पशुओं के चलते अपनी फसलों को बचाने के लिए तरह-तरह की जुगत लगाने में जुटे हुए हैं। फिर भी उनकी फसल नहीं बच पा रही है। जिसके चलते साल भर चलने वाली पारंपरिक खेती भी ढंग से नहीं हो पा रही है। इसके अतिरिक्त सब्जी उत्पादक किसान भी बाड़े बंदीए घेराबंदी कर बचाने के प्रयास में दिन-रात रखवाली कर रहे हैं। फिर भी कहीं न कहीं उन्हें नुकसान सहना पड़ रहा है।

जानकारी के अनुसार बगई खुर्द गांव निवासी उन्नतशील किसान चंद्रशेखर मौर्यए अवधेश मौर्य सब्जी की अच्छी खेती करते हैं। परंतु बीते वर्षों में आवारा मवेशियों के नुकसान से परेशान रहे। इस संबंध मे रायबरेली जनपद के रिश्तेदार जो स्वयं में प्रगतिशील किसान हैं से बात की तो उन्होंने फसल सुरक्षा के लिए अपना रहे झटका विधि के बारे में बताया। तत्काल इस विधि में लगने वाले उपकरण की खरीदारी वहीं से करके अपने खेत में गत वर्ष मई 2020 में सुरक्षा के लिए शुरू कर दिया द्य जिसका परिणाम बहुत ही अच्छा रहा। इस विधि से आवारा मवेशियों को मात्र झटका लगता है पर उन्हें कोई नुकसान नहीं होता। जिससे वे घर के बिजली से की गई बाड़े बंदी के नजदीक आने से भी कतराने लगे और लगाई गई फसल बच रही है। झटका विधि के लगाने के पश्चात गर्मी के महीने में एक बीघे बैगन खेती की थी। जिसमें बिना किसी नुकसान के तैयार फसल में 40000 का शुद्ध मुनाफा हो गया। इसके पश्चात हौसला बढ़ता गया द्य पत्ता गोभी जिसमें शुद्ध मुनाफा 45000 प्राप्त हुआ। मिर्चा तथा वर्तमान समय में सबसे अधिक आलू की खेती लगा रखी है।

### क्या है झटका विधि

झटका विधि नाम किसानों ने स्वयं दिया है। जैसा कि नाम से ही पता चल रहा है कि इसमें आवारा मवेशियों को मात्र झटका लगता है और वह फसल से दूर भाग जाते हैं। इससे मवेशियों को कोई भी नुकसान नहीं होता। इसमें एक सोलर प्लेट, एक 12 वोल्ट की बैटरी तथा चार्जेबल मशीन लगाई गई है। इसके माध्यम से खेत के चारों तरफ पतले पतले तार से बाड़े बंदी की गई है । जिसमें स्वचालित मशीन के माध्यम से दिन में सूर्य के प्रकाश से चार्ज होता है। और रात होते ही बाड़े बंदी की गई तारों में धारा प्रवाहित होने लगती है। जिससे उस्ताद को छूने वाले अवारा मवेशी को झटका लगता है। वे फसल के नजदीक नहीं आते। चंद्रशेखर व अवधेश मौर्य ने बताया कि ज्यादा खेतों की सुरक्षा के लिए लगाने पर कुल खर्च 10000 तथा छोटे काश्तकारों के लिए 5000 का खर्च आता है।



शैक्षणिक योग्यता परीक्षा में भाग लेते परीक्षार्थी

# तातारगंज में हुआ शैक्षणिक योग्यता परीक्षा

**जसरा।** युवा संघ तातारगंज द्वारा आयोजित युवा दिवस के रूप में शैक्षिक योग्यता परीक्षा का आयोजन किया गया। इस परीक्षा में कक्षा 4 से कक्षा 10 तक के छात्रों ने भाग लिया। जिसमें प्रथम,द्वितीय और तृतीय स्थान पाने वाले छात्रों को मुख्य अतिथि राधेश्याम पाठक ने पुरस्कृत किया गया।

स्वामी विवेकानंद जी का जन्मदिन युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है। युवा दिवस के उपलक्ष्य में एक शैक्षणिक योग्यता परीक्षा का आयोजन किया गया। इस परीक्षा में आस पास के गांवों के 130 बच्चों ने प्रतिभाग किया। प्रतिभागी छात्रों को मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त एसडीएम राधेश्याम पाठक ने पुरस्कृत किया। पुरस्कार पाने वाले छात्रों में कक्षा दस के आयुष गौड़, निखिल शर्मा कु० आंचल तिवारी, अनुज पाल, मनीष कुमार, योगेश कुमार आदि छात्र रहे। मुख्य अतिथि श्री पाठक जी ने कहा कि आज हम सबको स्वामी विवेकानंद जी के बताए हुए मार्ग पर चलकर आगे बढ़ना चाहिए। स्वामी जी सदैव सादगी के प्रतीक माने जाते थे। उन्हें दिखावा एकदम पसंद नहीं था। विशिष्ट अतिथि आर एस एस के डा०आदित्य विजय एवं संचालक/ आयोजक प्रवीण पांडेय रहे। इस अवसर पर लालमणि पांडेय, हरिविलास पांडेय, पूर्व प्रधानाचार्य चन्द्रशेखर पांडेय, रमेश प्रताप सिंह, दयाशंकर द्विवेदी, हंसराज दुबे, विजय शंकर पांडेय, बृजेन्द्र पाठक, मुन्ना सिंह गहलौत, गब्बर सिंह, रामदयाल सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## संक्षेप समाचार

### शुआट्स वैज्ञानिकों ने दी कृषकों को सलाह

**नैनी, प्रयागराज।** सैम हिग्गिनबॉटम कृषि, प्रौद्योगिकी एवं विज्ञान विश्वविद्यालय में चल रहे ग्रामीण कृषि मौसम सेवान्तर्गत भारत सरकार से शुक्रवार को प्राप्त पूवार्नुमान के अनुसार वैज्ञानिकों ने कृषकों को सलाह दी है कि गेहूँ में बलुअर दोमट भूमि में नाइट्रोजन की शेष एक तिहाई मात्रा अर्थात 40 किग्रा नाइट्रोजन (88 किग्रा यूरिया) की टाप ड्रेंसिग कर दें। शीतकालीन मक्का खेत में दूसरी निराई-गुड़ाई, बोआई के 40-50 दिन बाद करके खरपतवार निकाल दें। शीतकालीन मक्का नाइट्रोजन की 40 किग्रा मात्रा (88 किग्रा यूरिया) की टाप ड्रेंसिग जीरा निकलने के पूर्व करें। उर्वरक प्रयोग के समय खेत में पर्याप्त नमी होनी चाहिए। भारी मृदा में प्रति हेक्टयर 60 किग्रा नाइट्रोजन (132 किग्रा यूरिया) की टाप ड्रेसिंग के बाद और बलुई दोमट भूमि में 40 किग्रा नाइट्रोजन (88 किग्रा यूरिया) की टाप ड्रेंसिग पर और 40 किग्रा नाइट्रोजन (88 किग्रा यूरिया) की दूसरी टाप ड्रेंसिग के बाद कर दें। चना के फसल में झुलसा रोग की रोकथाम के लिए प्रति हेक्टयर 2.0 किग्रा जिंक मैग्नीज काबार्मेट को 800 लीटर पानी में घोलकर फूल आने से पूर्व व 10 दिन के अन्तराल पर दूसरा छिड़काव करें। पिछले माह रोपी गई टमाटर की उन्नत किस्मों में प्रति हेक्टयर 40 किग्रा नाइट्रोजन (88 किग्रा यूरिया) व संकर/असीमित बढ़वार वाली किस्मों के लिए 55-60 किग्रा नाइट्रोजन (120-130 किग्रा यूरिया) की प्रथम टाप ड्रेसिग रोपाई के 20-25 दिन बाद करें। लहसुन में नाइट्रोजन की दूसरी व अन्तिम टाप ड्रेसिग बोआई के 60 दिन बाद प्रति हेक्टयर 74 किग्रा यूरिया की दर से करनी चाहिए। पशुशाला में बिछाली को सूखा रखें।

## कन्नौज के पूर्व सांसद का जन्म दिन मनाया गया

**सिरसा।** विधानसभा मेजा क्षेत्र में वासुदेव सिंह महिला महाविद्यालय तरवाई बिगहना में यूपी के पूर्व सीएम व समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की पत्नी और कन्नौज की पूर्व सांसद श्रीमतीं डिम्पल यादव का सपा कार्यकताओं ने केक काटकर जन्मदिन मनाया। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के हर फैसले में हमेशा उनके साथ खड़ी रहने वाली डिंपल यादव ने सपा को मजबूती देने के लिए बहुत सारे काम किये हैं। उनके जन्मदिन पर समाजवादी पार्टी के कार्यकताओं ने काफी सादगी और शालीनता से उनकी मंगल आयु की कामना की है। मुख्य अतिथि राम सुमेर पाल जिलाउपाध्यक्ष प्रयागराज ने कहा कि पूर्व सांसद कन्नौज श्रीमतीं डिम्पल यादव प्रदेश ही नही देश भर की महिलाओं के लिए प्रेणा स्त्रोत की तरह है। राजनीति में बिना शोर शराबा किये महिलाओं के मुद्दे को किस तरह राजनीतिक के केंद्र रखा जाय यह अगर सीखना है तो डिम्पल यादव से सीखने को मिला। श्रीमतीं अनिता श्रीवास्तव अध्यक्ष महिला सभा ने कहा कि महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए बहुमुखी प्रयासों की जरूरत है। इन्होंने ने कहा कि श्रीमतीं डिम्पल यादव पूर्व सांसद कन्नौज ने जो विकास और सुरक्षा महिलाओं का किया है आज तक कोई सरकार नही किया है। समाजवादी पार्टी के सरकार में जो विकास का कार्य और महिला सुरक्षा सम्मान मिला है।

# कार्यकारिणी समिति के छह सदस्यों के लिए गहमागहमी के बीच हुआ मतदान

**कैबिनेट मंत्री सिद्धार्थनाथ सिंह ने डाला मत**

**प्रयागराज।** नगर निगम कार्यकारिणी समिति के छह सदस्यों के लिए शुक्रवार दोपहर बाद मतदान शुरू हो गया । मतदान करने के लिए दोपहर करीब दो बजे कैबिनेट मंत्री सिद्धार्थनाथ सिंह भी निगम पहुंचे। चुनाव में पार्षदों के अलावा महापौर, दोनों सांसद, शहरी क्षेत्र के तीनों विधायक और तीनों एमएलसी को मतदान का अधिकार है।

12 सदस्यीय कार्यकारिणी समिति के छह सदस्यों का कार्यकाल एक जनवरी को खत्म हो गया था। इसके लिए शुक्रवार को महापौर अभिलाषा गुप्ता की अध्यक्षता और भारी पुलिस फोर्स की मौजूदगी में गहमागहमी के बीच नामांकन प्रक्रिया शुरू हुई। भापजा से पार्षद अखिलेश सिंह, दीपू जायसवाल, रोहित मालवीय और रिंकी यादव, सपा से अमरजीत यादव,



वोट डालते कैबिनेट मंत्री सिद्धार्थनाथ सिंह

रमीज अहमद और कांग्रेस से सुशील कुमार ने नामांकन किया। अखिलेश के प्रस्तावक पार्षद रतन दीक्षित, दीपू के ओपी द्विवेदी, रोहित के रोचक दरबारी, रिंकी के प्रस्तावक कमलेश तिवारी थे। अमरजीत के पार्षद नेम यादव, रमीज के फजल खान और सुशील के प्रस्तावक अशोक सिंह थे।

इन सदस्यों का कार्यकाल खत्म- छह सदस्यों नीलम यादव, अनिल कुशवाहा, मिथलेश सिंह, अनीस अहमद, अशोक सिंह और सत्येंद्र चोपड़ा का कार्यकाल खत्म हुआ था।

इन सदस्यों का कार्यकाल बचा- अल्पना निषाद, शिव भारतीय, नंदलाल, मो. आजम, कमलेश तिवारी और जगमोहन गुप्ता का कार्यकाल बचा है। बचे सदस्यों में अल्पना कांग्रेस, मो. आजम सपा और बाकी चार भाजपा के हैं।

इन पार्षदों ने नहीं डाले वोट- पार्षद विनोद सोनकर जेल में बंद हैं। पार्षद रमेश मिश्रा और निहाल कुमार उर्फ बच्चा पासी शहर से बाहर होने के कारण वोट नहीं डाल सके।

दरियाबाद वार्ड के पार्षद एहतेशाम रिजवी के निधन से एक पद खाली है। मौजूदा समय में कुल 79 पार्षद हैं। इसमें से भाजपा के 36, सपा के 24, कांग्रेस के 10, बसपा के तीन, शिवसेना के एक और पांच अन्य शामिल हैं।

## रोड चौड़ीकरण में तोड़ीं पाइप लाइन से सैकड़ों घरों में जलसंकट

**प्रयागराज।** स्मार्ट सिटी के तहत मम्फोर्डगंज क्षेत्र की दो सड़कों की चौड़ीकरण का काम प्रयागराज विकास प्राधिकरण (पीडीए) द्वारा कराया जा रहा है। सड़कों की खोदाई के दौरान पानी की पाइप लाइन के कई जगह क्षतिग्रस्त होने से सैकड़ों घरों में जलसंकट हो गया है। बहुत से घरों में गंदे पानी की आपूर्ति होने से स्नान करने पर लोगों के शरीर में खुजलाहट के कारण उनकी दिक्कत और बढ़ गई हैं।

मम्फोर्डगंज में दक्खी चौराहे से त्रिपाठी चौराहे और स्टेनली रोड क्रॉसिग से भारत स्काउट एंड गाइड कालेज तक आबकारी रोड का चौड़ीकरण हो रहा है। इसके लिए रोड पटरियों और नाले की खोदाई का काम चल रहा है। मजदूरों द्वारा रात में भी काम करने के कारण पारसी बगिया, चांदमारी चौराहे के समीप तीन-चार दिन पहले पाइप लाइन तोड़ दी गई। रात में पाइप लाइनें क्षतिग्रस्त होने पर जलकल विभाग के अधिकारियों को फोन करके नलकूपों को बंद कराना पड़ता है। क्षेत्रीय पार्षद रतन दीक्षित का कहना है कि संबंधित ठेकेदार क्षतिग्रस्त पाइप लाइन को ठीक नहीं कराते हैं, जिससे लालापट्टी, चांदमारी, पुराना मम्फोर्डगंज क्षेत्रों में पानी की समस्या बनी है। उन्होंने काम में लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि अप्रशिक्षित मजदूरों से काम कराया जा रहा है और रात में सुपरवाइजर निगरानी भी नहीं करते हैं, जिससे इस तरह की समस्या हो रही है। उन्होंने प्राधिकरण उपाध्यक्ष से सुपरवाइजरों की देखरेख में रोड का काम कराने की मांग की। ठेकेदार प्लंबर को साथ लेकर चलते हैं। कहीं पाइप लाइन क्षतिग्रस्त होने पर उसे तत्काल ठीक कराते हैं। अन्यथा गड्ढों में जलभराव होने से काम कराना मुश्किल हो जाएगा।

## जैविक खेती करने में जुटीं कोरांव की महिलाएं

**प्रयागराज।** रसायन के प्रयोग से भले ही फसलों की पैदावार दोगुना होती हो, लेकिन कई अनचाहे रोग का भी शिकार इसके सेवन से लोग हो जाते हैं। लोगों को बेहतर स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए कोरांव ब्लॉक की 500 से अधिक महिलाएं जैविक खेती करने में इस समय जुटी हुई हैं। यह महिलाएं जैविक खेती से सब्जी के अलावा गेहूं और आलू की खेती कर हरित क्रांति लाने का प्रयास कर रही हैं। ब्लाक मिशन प्रबंधक आशीष कुमार यादव ने इस बार कोरांव ब्लाक में 260 बीघा जमीन में जैविक खेती की गई है। इसके लिए 115 ग्राम पंचायतों की 3500 महिला किसानों को जैविक खेती करने का प्रशिक्षण दिया गया है।

## हमलावरों की गिरफ्तारी की मांग

**प्रयागराज।** हड़िया थाना क्षेत्र के ऊपरदहा निवासी धनंजय कुमार यादव पुत्र स्वर्गीय हरी जीत यादव व उसकी मां गेना देवी चचेरा भाई प्रदीप कुमार मृदुल कुमार को विपक्षी गण राजेंद्र कुमार लाल साहब लाल जी यादव पुत्र स्वर्गीय मेवालाल वह दयाराम यादव पुत्र शंकरलाल वह आधा दर्जन परिवार की महिलाओं के साथ मिलकर बलपूर्वक करते हुए खेत में जबरन कब्जा करने की नियत से गिट्टी डलवा दिया जिसका विरोध करने पर लाठी डंडा रॉड से धनंजय कुमार यादव के सिर पर हमला बोल दिया बीज बचाओ में उसकी मां गेना देवी को भी बुरी तरह घायल कर दिया वह उसके चचेरे भाई को भी काफी चोटें आई हैं सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी का मेडिकल परीक्षण कराकर उपचार कराया और विपक्षियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की किंतु पीड़ित व्यक्ति का आरोप है कि सरकारी चिकित्सालय में सही उपचार ना होने के कारण वह अपना उपचार प्राइवेट चिकित्सालय में करा रहा है और हमलावरों के विरुद्ध गिरफ्तारी की मांग प्रयागराज वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक व उच्च अधिकारियों से न्याय की गुहार लगा रहा है। हालांकि इस मामले में पुलिस अभी भी मौन है फरियादी की फरियाद नहीं सुनी गई है। अब परिजन अपराधियों के गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं।

## स्वामी विवेकानंद जयंती राष्ट्रीय युवा सप्ताह दिवस के अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित

**प्रयागराज।** नेहरू युवा केंद्र प्रयागराज युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के तत्वाधान में स्वामी विवेकानंद जयंती राष्ट्रीय युवा सप्ताह दिवस के अंतर्गत विकासखंड कौड़िहार के पूरेघासी गांव में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें एकल डांस, सामूहिक डांस, राष्ट्रगीत, वंदना गीत, स्वागत गीत, ग्रामीण परिवेश प्रदर्शनी, भाषण के कार्यक्रम आयोजित किए गए जिसमें विकासखंड कौड़िहार के विभिन्न गांव से आए युवा मंडल के सदस्यों ने प्रतिभाग किया कार्यक्रम में नमामि गंगे जिला परियोजना अधिकारी -एषा सिंह लक्ष्मी नारायण जायसवाल, विनोद यादव, अभय सिंह, दारा सिंह सरोज, नितिन द्विवेदी, धर्मेंद्र प्रजापति, सहित अन्य लोगों ने स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किया मुख्य अतिथि लक्ष्मीनारायण जयसवाल ने युवाओं को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया, पढ़ने वाले होनहार बच्चों को अपनी तरफ से निशुल्क शिक्षा देने का भी वादा किया, विकासखंड - कौड़िहार के युवा मंडलों में से भगत सिंह युवा मंडल के सदस्य प्रतीक कुमार को नेहरू युवा केंद्र प्रयागराज द्वारा बेस्ट स्वयंसेवक अवार्ड से नवाजा गया कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले बच्चों, युवाओं, युवतियों, एषा सिंह डीपीओ नमामि गंगे प्रयागराज ने मेडल व पुरस्कार देकर सम्मानित किया कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक अभय सिंह द्वारा किया गया।

## एमबीए, बीएएलएलबी की सेमेस्टर परीक्षाएं स्थगित

**प्रयागराज।** इलाहाबाद विश्वविद्यालय एवं संबद्ध कॉलेजों में 22 जनवरी से ऑफलाइन मोड में प्रस्तावित बीएएलएलबी और एमबीए की सेमेस्टर परीक्षाएं स्थगित कर दी गई हैं। वहीं, 15 जनवरी से होने वाली एमएससी कॉग्नेटिव साइंस की परीक्षाएं आफलाइन मोड में जारी परीक्षा कार्यक्रम के तहत होंगी। क्योंकि एमएससी कॉग्नेटिव साइंस में छात्रों की संख्या काफी कम है। स्थगित परीक्षाओं के लिए परीक्षा समिति की बैठक के बाद सिरे से परीक्षा कार्यक्रम तय किया जाएगा। ज्ञात हो कि 8 जनवरी को कुलपति प्रो. संगीता श्रीवास्तव की अध्यक्षता में परीक्षा समिति की बैठक हुई थी। इसमें सत्र 2019-20 में स्नातक पाठ्यक्रम के तहत बीए, बीएससी होमसाइंस और बीकॉम की बैक पेपर की परीक्षाएं 21 जनवरी से ऑफलाइन मोड में कराने का निर्णय लिया गया था। इसके अलावा एमबीए तृतीय सेमेस्टर की परीक्षाएं 22 और बीएएलएलबी नौवें समेस्टर की परीक्षाएं 23 जनवरी से कराए जाने का निर्णय लिया गया था। इसी बीच सर एएन झा हॉस्टल और एफसीआई बिल्डिंग में कोरोना संक्रमित मिलने पर बैक पेपर की परीक्षाएं स्थगित कर दी गईं। ऐसे में सेमेस्टर परीक्षा में शामिल होने वाले छात्रों के एक समूह ने कुलपति प्रो. संगीता श्रीवास्तव को ज्ञापन देकर कोरोना वायरस संक्रमण का हवाला देते हुए परीक्षाएं ऑनलाइन मोड में कराए जाने की मांग की थी। अब इन परीक्षाओं को भी स्थगित कर दिया गया है। जल्द ही दोबारा परीक्षा समिति की बैठक बुलाकर नई तिथि की घोषणा की जाएगी। इविवि की पीआरओ डॉ. जया कपूर ने बताया कि यूजीसी गाइडलाइन एवं हॉस्टल में कोरोना संक्रमित मिलने के कारण बीएएलएलबी और एमबीए की सेमेस्टर परीक्षाएं स्थगित कर दी गई हैं।

## विपिन कुमार सिंह ने वरि. मण्डल वाणिज्य प्रबंधक प्रयागराज मण्डल का पदभार ग्रहण किया

**प्रयागराज।** रेल प्रशासन द्वारा सूचित किया जाता है कि शुक्रवार को विपिन कुमार सिंह ने प्रयागराज मंडल में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक का पद भार ग्रहण कर लिया यह पद संचित त्यागी के नेशनल बुक ट्रस्ट, नई दिल्ली में ज्वाइंट डायरेक्टर के पद पर स्थानांतरण होने से रिक्त हुआ था। श्री सिंह ने लखनऊ यूनिवर्सिटी से एम.बी.ए की डिग्री हासिल की है आप वर्ष 2008 बैच के IRTS अधिकारी है, प्रयागराज मंडल में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक का पद भार ग्रहण करने से पूर्व उत्तर मध्य रेलवे, मुख्यालय में उप मुख्य वाणिज्य प्रबंधक/क्लेम के पद पर कार्यरत थे। विपिन कुमार सिंह ने वर्ष 2011 में सहायक वाणिज्य प्रबंधक/ धनबाद के रूप में अपनी रेल सेवा प्रारम्भ की। श्री सिंह ने भारतीय रेलवे में मण्डल



विपिन कुमार सिंह

परिचालन प्रबंधक/सामान्य/आगरा, वरि. मण्डल परिचालन प्रबंधक, प्रयागराज, वरि. मण्डल वाणिज्य प्रबंधक/ झांसी, वरि. मण्डल संरक्षा अधिकारी/झांसी, उप मुख्य वाणिज्य प्रबंधक/ उत्तर मध्य रेलवे, मुख्यालय, उप मुख्य परिचालन प्रबंधक/ उत्तर मध्य रेलवे, मुख्यालय जैसे कई महत्वपूर्ण पदों पर अपनी सेवा प्रदान की है।

वर्ष 2011 में नवम्बर में दून एक्सप्रेस की दुर्घटना के समय किये गये राहत एवं बचाव कार्यों में निभाई गई महत्वपूर्ण भूमिका के लिये आस्ट्रेलियन सरकार द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर उन्हे सम्मानित किया गया। उन्हे बेहतर कार्य शैली और कुशल प्रबंधन के फलस्वरूप वरि.मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, झांसी के पद पर कार्य करते हुये वर्ष 2018 में महाप्रबंधक पुरस्कार से सम्मनित किया गया। पद भार ग्रहण करने के पश्चात श्री विपिन कुमार सिंह ने कर्मचारियों से परिचय प्राप्त करने के पश्चात अपने विचारों से सभी को अवगत कराया और कहा कि हम सब मिलकर सकारात्मक सोच एवं टीम भावना से कार्य करेंगे और वाणिज्य विभाग को नई ऊँचाइयों की ओर ले जाने का पूर्ण प्रयास करेंगे।

## अब पौष पूर्णिमा स्नान की शुरू हुई तैयारी

**माघ मेला का दूसरा स्नान पर्व 28 जनवरी को है**



**प्रयागराज।** प्रयागराज माघ मेला 2021 का पहला स्नान पर्व मकर संक्रांति गुरुवार को बीत चुका है। इस स?नान पर्व में भीड़ कम आने से मेला प्रशासन ने राहत की सांस ली। अब माघ मेला का दूसरा स्नान पर्व पौष पूर्णिमा 28 जनवरी को होगा। मेला प्रशासन ने पौष पूर्णिमा स्नान की तैयारी शुरू कर दी है। पौष पूर्णिमा से ही कल्पवास भी शुरू हो जाएगा। ऐसे में मेला क्षेत्र में कल्पवासी आने लगेंगे, तब मेला प्रशासन को मशक्कत करनी पड़ेगी।

माघ मेला का पहला स्नान भले ही बीत गया है लेकिन अब तक मेला क्षेत्र में कल्पवासी अभी नहीं आए। कल्पवासी पौष पूर्णिमा से एक-दो दिन पहले आएंगे। पौष पूर्णिमा का स्नान 28 जनवरी को है। तभी से उनकी संगम किनारे की तपस्या शुरू होगी। अभी तक कल्पवासियों को मेला प्रशासन की ओर से सुविधाएं भी पूरी नहीं दी गई है। उनको सुविधाएं देने का क्रम जारी है।

मेला अधिकारी ने 20 जनवरी तक उनको सुविधा पर्ची जारी करने का समय दिया है। जमीन आवंटन तो पहले ही हो चुका था अब उनको सुविधा आवंटित की जा रही है। साथ ही प्रयागवाल के तीर्थ पुरोहितों को भी जमीन दी जा रही है। मेला प्रशासन का दावा है वह इस काम को हफ्ते भर में पूरा कर लेंगे। इससे कल्पवास को आने वाले श्रद्धालुओं को कोई दिक्कत नहीं होगी। वैसे कोरोना के प्रकोप को देखते हुए इस बार पिछले साल की अपेक्षा कल्पवासी कम आएंगे। फिर भी मेला प्रशासन को इंतजाम पूरे करने हैं। साधु-संतों और कल्पवासियों के शिविरों में सामान उपलब्ध कराने के लिए मेला प्रशासन ने छह एजेंसियों को ठेका दिया है। इसमें से कुछ के समान ठीक है तो कुछ के सामान घटिया क्वालिटी की है। आरोप है कि लल्लू जी एंड संस व गोपालदास एजेंसी ने घटिया क्वालिटी का सामान सप्लाई किया है। लोगों ने इसकी शिकायत मेला अधिकारी से की। लोगों ने बताया कि इस एजेंसी की ओर से जो बिस्तर, फर्नीचर और कुर्सी आदि दी गई हैं, वह ठीक नहीं है। इस एजेंसी के कर्मचारियों ने टीन घेरा लगाने और अन्य व्यवस्थाएं करने में भी लापरवाही बरती है। शिकायत के बाद मेला अधिकारी ने ठेकेदार को फटकार लगाई और सुधार करने की चेतावनी दी।



जरूरतमंदों को कंबल वितरित करते युवा नेता

## पूर्व सांसद डिंपल के जन्म दिन पर युवा नेता ने बांटा जरूरतमंदों को कंबल

**प्रयागराज।** समाजवादी पार्टी की राष्ट्रीय नेता पूर्व सांसद डिम्पल यादव के 42वें जन्मदिन पर सपा के युवा नेता हिमान्शु कुमार सिंह ने अपने साथियों के साथ गुरुवार को मेजा विधानसभा क्षेत्र के जमुवा-कूँची गाँव की मुसहर बस्ती के लोगों के बीच जाकर जरूरत मंदों को कम्बल और साड़ी देकर अपने नेता श्रीमती डिम्पल यादव के दीघार्यु एवं उच्च राजनैतिक सफलता के लिए आशीर्वाद माँगा। इस अवसर पर हिमान्शु सिंह ने कहा कि समाज के आखिरी छोर पर बसे इन्सान के बगल मे खड़े होकर उनके चेहरे पर मुस्कान लाना ही समाजवाद और अपने आदरणीय नेता के प्रति सही निष्ठा है। अपने आदरणीय नेता श्रीमती डिम्पल यादव जी के जन्मदिन को इन लोगों के साथ मनाना यादगार पल है। कम्बल और साड़ी वितरण कार्यक्रम मे शामिल समाजसेवी शेषमणि शुक्ला एवं जय प्रकाश मिश्रा ने श्रीमती डिम्पल यादव को महिला शक्ति का स्वरूप बताया।

**अखण्ड भारत संदेश** के लिए स्वामी श्री योगी सत्यम कियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज 211019 से प्रकाशित एवं रामा प्रिंटिंग प्रेस 53/25/1ए बेली रोड नया कटरा प्रयागराज से मुद्रित।

**मुद्रक/प्रकाशक**
**स्वामी श्री योगी सत्यम**

पी0आर0बी0 एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से संबंधित विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा। आरएनआई नं0: UPHIN2001/9025

## 458 चयनित कला शिक्षकों में से 187 अयोग्य घोषित

**प्रयागराज।** लोक सेवा आयोग की सहायक अध्यापक (प्रशिक्षित स्नातक) भर्ती 2018 में शैक्षिक योग्यता को छिपाकर आवेदन करना कला विषय के 187 अभ्यर्थियों को भारी पड़ा। अन्तिम रूप से चयनित इन अभ्यर्थियों को जांच में इस पद के योग्य न पाए जाने के कारण बाहर कर दिया गया है। आयोग ने इस पद के लिए 468 अभ्यर्थियों का चयन किया था। अंतिम परिणाम घोषित किए जाने के बाद सफल अभ्यर्थियों के अभिलेखों का सत्यापन किया गया तो पता चला कि 187 चयनित अभ्यर्थी ऐसे हैं, जिनके पास इस विषय के लिए निर्धारित शैक्षिक योग्यता है ही नहीं। बाहर किए गए इन अभ्यर्थियों को सूचना आयोग ने नोटिस के माध्यम से दी है। 187 में 112 पुरुष एवं 73 महिला अभ्यर्थी हैं। इसके अलावा कला विषय में 41 चयनित अभ्यर्थी ऐसे हैं और जो अभिलेखों के सत्यापन में अनुपस्थित रहे। लिहाजा इन्हें भर्ती प्रक्रिया से बाहर कर दिया गया है। इस प्रकार अब इस विषय में 228 पद रिक्त हो गए हैं। जिन पर चयन प्रतीक्षा सूची से किया जाएगा। भर्ती में कला विषय के 470 पद थे, आयोग ने दो विषयों का परिणाम रोकते हुए 468 पदों के लिए ही परिणाम घोषित किया था।

## श्रीराम मंदिर का मॉडल देखने उमड़े लोग और ले रहे सेल्फी

**प्रयागराज।** माघ मेला के परेड ग्राउंड में पर्यटन विभाग की ओर से प्रदर्शनी में अयोध्या मंदिर का मॉडल रखा गया है। इसको देखते लिए दिन भर श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। सभी ने मंदिर के साथ सेल्फी भी ली। हर साल परेड ग्राउंड में कई सरकारी विभागों की प्रदर्शनी लगती थी। लेकिन अब तक वहां पर पर्यटन विभाग की ही प्रदर्शनी लग सकी है। यहीं पर मीना बाजार भी लगना था लेकिन उसके लिए अब तक जमीन आवंटित नहीं सकी है, फिर भी कुछ दुकानें सज गई हैं। जबकि दो झूले लग चुके हैं। स्नान करके लौटे लोगों ने झूले का आनंद लिया और पर्यटन विभाग की प्रदर्शनी देखी। त्रिवेणी रोड पर लगे पर्यटन विभाग के शिविर में प्रदेश भर के पर्यटक स्थलों की प्रदर्शनी लगाई गई। यहां पर अयोध्या में बन रहे श्रीराम मंदिर का मॉडल, द्वारिकाधीश मंदिर, गिरिराज जी महाराज गोवर्धन मंदिर, मानसी गंगा गोवर्धन मंदिर, वृंदावन स्थित प्रेम मंदिर, रंगजी मंदिर, बरसाना का राधारानी मंदिर, कुंभ मेला, माघ मेला, गोरखनाथ मंदिर, चित्रकूट के



रामघाट, सारनाथ, काशी विश्वनाथ आदि के मंदिरों की प्रदर्शनी लगी है। पर्यटन उप निदेशक दिनेश कुमार ने बताया मेले के दौरान यह प्रदर्शनी लगी रहेगी।

माघ मेला क्षेत्र में बिजली व्यवस्था में कोई व्यवधान उत्पन्न न हो, इसके लिए बिजली विभाग की पूरी टीम डटी रही। सभी की ड्यूटी लगाई और कोई भी गड़बड़ी आने पर तत्काल दूर करने के निर्देश दिए गए थे। मुख्य अभियंता ओपी यादव, अधीक्षण अभियंता आशुतोष श्रीवास्तव, आरके सिंह, राकेश पांडेय, अधिशासी अभियंता बीके सक्सेना समेत अन्य अधिकारी माघ मेला क्षेत्र में डटे थे। लखनऊ और वाराणसी से ऑनलाइन माघ मेला में बिजली व्यवस्था की मॉनीटरिंग की जा रही थी। माघ मेला के अधिशासी अभियंता बीके सक्सेना ने बताया कि सभी सेक्टरों में बिजली विभाग के अधिकारी व कर्मचारी तैनात थे। स्नान घाटों पर बिजली व्यवधान न उत्पन्न हो, इसके लिए बुधवार देर रात से ही कांबिंग अभियान चल रहा था।

## अवैध बालू का भंडारण मिलने पर रिपोर्ट दर्ज

**नैनी।** कोतवाली क्षेत्र के मोहब्बत गंज गांव के समीप यमुना नदी के निकट शुक्रवार को जिला प्रशासन की टीम ने छापेमारी की कार्रवाई करते हुए डंप किए गए बालू को कब्जे में ले लिया। खनन निरीक्षक की तहरीर पर नैनी कोतवाली में अज्ञात लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई है। जानकारी के मुताबिक शुक्रवार को उप जिला अधिकारी करछना विनोद पांडेय, खान अधिकारी प्रयागराज, खनन निरीक्षक व नैनी कोतवाली इंस्पेक्टर जीतेंद्र सिंह दलबल के साथ जरिए मुखबिर की सूचना पर मोहब्बत गंज ग्राम सभा के अंतर्गत यमुना नदी के किनारे पहुंचे तो स्थानीय नाविकों ने भारी पुलिस फोर्स को देखकर नाव को छोड़कर भाग खड़े हुए। वहीं टीम ने घाट के आसपास डंप किए गए बालू को कब्जे में ले लिया। खनन निरीक्षक चंद्र प्रकाश जयसवाल की तहरीर मिलने पर पुलिस ने नैनी कोतवाली में अज्ञात लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल करने में जुटी हुई है।

# प्रतापगढ़–कौशाम्बी



## संक्षेप समाचार

### फर्जी मुकदमे में फंसाने की एएसपी से शिकायत

**कौशांबी।** पिपरी थाना क्षेत्र के भीखपुर मेड़वाड़ा गांव निवासी पंचम लाल पुत्र रामेश्वर प्रसाद ने अपर पुलिस अधीक्षक को दिए शिकायती प्रार्थना पत्र में बताया कि गांव के महबूब अली के घर पर झगड़े हो रहे थे उसमें उसने बीच-बचाव किया था जिस पर राशिद अली हसनैन सोनू आदि प्रार्थी को गाली गलौज करने लगे और प्रार्थी से मारपीट करने लगे जिससे गांव के एक पक्ष नाराज हैं और प्रधान जकी अहमद के साजिश में पुलिस नौशाद अली के घर चोरी में उसे और उसके बेटे को फंसा सकती है पीड़ित पंचम लाल ने तहरीर देकर न्याय पूर्ण कार्यवाही की मांग की है।

### वांछित आरोपी गिरफ्तार

**कौशांबी।** पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में थाना मंझनपुर पुलिस उप निरीक्षक मनोज कुमार मय हमराह पुलिस बल द्वारा मु0अ0सं0 953/20 धारा 363/366 भादवि0 में 01 नफर वांछित अभियुक्त कन्हई सोनकर पुत्र हरिश्चन्द्र निवासी गांधीनगर काशीराम कालोनी थाना मंझनपुर को गिरफ्तार किया गया विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेजा गया।

# सीडीओ ने वैक्सीन स्टाक सेन्टर एवं टीकाकरण केन्द्र का किया निरीक्षण

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी के निर्देश के क्रम में मुख्य विकास अधिकारी अश्विनी कुमार पाण्डेय ने आज सीएमओ आवास के कैम्पस में वैक्सीन स्टाक सेन्टर एवं जिला महिला अस्पताल में टीकाकरण केन्द्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने टीकाकरण हेतु रखे गये वैक्सीन को देखा एवं मुख्य चिकित्साधिकारी से रख-रखाव के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की। मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा बताया गया कि एसीएमओ की देखरेख में पूर्ण सुरक्षा व्यवस्था के साथ वैक्सीन को रखा गया है। तत्पश्चात मुख्य विकास अधिकारी ने जिला महिला चिकित्सालय में टीकाकरण केन्द्र का निरीक्षण किया और जिला महिला चिकित्सा अधीक्षक को निर्देशित किया कि वैक्सीन सेन्टर पर जिन कर्मचारियों की ड्यिटी लगायी गयी है वह अपने निश्चित समय पर सेन्टर पर उपस्थित हो। उन्होने निर्देशित किया कि टीकाकरण के आस-पास बाहरी व्यक्ति प्रवेश कदापि न कर पाये, इस बात का विशेष ध्यान रखा जाये।


स्टाक सेंटर पर निरीक्षण करते मुख्य विकास अधिकारी

### चरणबद्ध तरीके से लगेगा कोरोना का टीका

**प्रतापगढ़।** सीएमओ डॉ एके श्रीवास्तव ने शुक्रवार को अपने सभागार में प्रेस वार्ता के दौरान टीकाकरण से सम्बंधित तैयारी की जानकारी दी। सीएमओ डॉ एके श्रीवास्तव ने बताया कि पहले चरण में वैक्सीन स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों को लगाई जाएगी।वैक्सीन को लगाने वाली टीम को पूरा प्रशिक्षण दिया गया है। जिस दिन टीकाकरण कार्य शुरू होगा उस दिन विभगीय अधिकारी व नोडल अधिकारी समय समय पर टीकाकरण के बूथ का निरीक्षण करते रहेंगे। वैक्सीन को सुरक्षा घेरे में रखा गया है और पुलिस टीम भी तैनात है। उन्होंने ने यह भी बताया कि वैक्सीन चरणबद्ध तरीके से लगेगी।सीएमओ की पत्रकार वार्ता में डिप्टी सीएमओ डॉ सीपी शर्मा,महेश सिंह आदि मौजूद रहे।

### रामपुर संग्रामगढ़ ब्लॉक में 17 जीवित लोगों को सूची में दिखाया मृत

**कुंडा।** रामपुर संग्रामगढ़ ब्लॉक में पंचायत चुनाव की मतदाता सूची तैयार करते हुए बीएलओ ने जिंदा 17 लोगों को मृत दिखाते हुए विलोपन में भेज दिया। ग्रामीणों की जानकारी हुई तो एसडीएम से शिकायत की।रामपुर संग्रामगढ़ ब्लॉक की चकेड़ी ग्रामसभा में बीएलओ ने पंचायत चुनाव के लिए मतदाता सूची में 43 लोगों को मृतक दिखाते हुए विलोपन की सूची तहसील में जमा की थी। मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन हुआ तो उसमें 17 लोगों को मृतक देख ग्रामीण हैरान रह गए। धीरेंद्र, प्रदीप आदि ने सभी जीवित लोगों के आधार कार्ड के साथ तहसील में एसडीएम कुंडा से शिकायत की। इस पर गुरुवार को नायब तहसीलदार बृजमोहन शुक्ला गांव में जांच के लिए पहुंचे तो बुलाने पर बीएलओ रामेंद्र पाल त्रिपाठी नहीं आए। इस पर नायब तहसीलदार ने सुपरवाइजर सुशील जायसवाल को सभी जीवित लोगों को फिर से परिवर्धन सूची में शामिल कर फाइल तहसील में भेजने का निर्देश दिया।


पदाधिकारी चुने जाने पर खुशी जताते पार्टी के लोग

## संजय जिला उपाध्यक्ष व धर्मेंद्र यादव बने जिला सचिव बने

**प्रतापगढ।** मुलायम सिंह यादव यूथ ब्रिगेड उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष अनीश राजा ने संगठन को गतिशील बनाने के लिए युवा नेता संजय यादव को जिला उपाध्यक्ष ,युवा नेता धर्मेंद्र यादव को जिला सचिव व वसीम सिद्दीकी को सदर विधानसभा अध्यक्ष व कुंडा विधानसभा से आशीष यादव को अध्यक्ष मनोनीत किया है। जिला कार्यकारिणी सदस्य के रूप में शोभनाथ यादव को नामित किया है । यह जानकारी मुलायम सिंह यादव यूथ ब्रिगेड के जिलाध्यक्ष साजिद अली ने दी है ।इस मनोनयन पर एक बैठक जेठवारा के नेवाडी गांव में प्रेम यादव वरिष्ठ सपा नेता के संयोजन में अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। इस मौके पर केशव प्रसाद यादव राजकुमार यादव प्रदीप सरोज विकास कृष्णकुमार महेंद्र अमरेंद्र मौर्य छात्र नेता संजय प्रकाश हरीश यादव आदि मौजूद रहे।


कार्यक्रम में मायावती के जन्मदिन के अवसर पर मंचासीन नेता

## वर्तमान समय की सरकार धन्ना सेठों की सरकार : बसपा

**जन कल्यानकारी दिवस के रूप में बड़े ही धूमधाम से मनाया मायावती का जन्मदिन**

**कौशाम्बी।** बहुजन समाज पार्टी के तत्वाधान में सूबे के पूर्व मुख्यमंत्री मायावती का जन्मदिन आज 15 जनवरी को बड़े ही धूमधाम से मनाया गया जन कल्याणकारी दिवस के रूप में सूबे के पूर्व मुख्यमंत्री मायावती का जन्म दिवस मनाया गया है कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य सेक्टर प्रभारी माननीय अमरेन्द्र बहादुर भारतीय विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक दयाराम पासी डॉ अजमल खान गिरीश पासी राजेश कुशवाहा संतोष गौतम महेंद्र गौतम रहे कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ने कहा की वर्तमान समय की सरकार धन्ना सेठों की सरकार है और इस सरकार में गरीबों का कोई भी कार्य नहीं हो रहा है गरीब न्याय के लिए तरस रहा है हमारे देश मे ऐसी सत्ता गरीब मजलूमों के लिए कोई कार्य नही कर रही है मायावती के जन्मदिन पर उन्होंने कहा कि इस समय बहुजन समाज की बहुत ही बदतर हालात हो गई है बहुजन समाज के लोगों की कही पर कोई सुनवाई नही हो रही है इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि आने वाले समय मे इस तानाशाही सरकार को उखाड़ फेंकना है और उत्तर प्रदेश में बहन कुमारी मायावती को इस प्रदेश का ही नही इस देश का शासक बनाना है कार्यक्रम का संचालन वर्तमान जिला अध्यक्ष शैलेंद्र गौतम ने किया कार्यक्रम में अमीर काजी मैदान सिंह पटेल डॉ नीतू कनौजिया हरी लाल बौद्ध, दिलीप चौधरी, नीरज गौतम महेश चौधरी सहित हजारो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### कई स्थान पर संदिग्धों की उपनिरीक्षक ने किया तलाश

**कौशांबी।** मंझनपुर मुख्यालय स्थित ओसा मंडी पर उपनिरीक्षक ने वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इससे दोपहिय वाहन चालको में खासा हड़कंप मच गया। लोग रास्ता बदलकर वाहन निकाल ले गए। उपनिरीक्षक मनोज कुमार राय ने वाहन चेकिंग अभियान के दौरान तमाम वाहनों के कागजातों की जांच पड़ताल की और कई वाहनों का चालान किया पुलिस ने वाहन सवारों को हिदायत दी कि वाहन चलाते समय हेलमेट लगाना ना भूले उप निरीक्षक मनोज कुमार राय ने बताया कि वाहनों की चेकिंग अभियान आगे भी जारी रहेगा। बिना हेलमेट पहने तथा बिना इंश्योरेंस लिये और कागजात ना रहने वालों का चालान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वाहन चालक वाहन चलाते समय हेलमेट,मास्क तथा इंश्योरेंस सहित वाहन के सभी कागजात अपने साथ लेकर चले, वाहन चलाते समय मोबाइल पर बात ना करें नहीं तो कानूनी कार्रवाई की जाएगी सहज जन सेवा केंद्र कोतारी और स्टेट बैंक ओसा की शाखा में उन्होंने जांच पड़ताल संदिग्धों की तलाश की और लोगों को सावधान रहने के लिए हिदायत दी उनके चेकिंग के दौरान हड़कंप मचा रहा।


जिला खाद्य एवं विपणन कार्यालय का निरीक्षण करते जिलाधिकारी

## गोदामों में राशन का बनाये रखें स्टॉक : जिलाधिकारी

**डीएम ने जिला खाद्य एवं विपणन कार्यालय का किया औचक निरीक्षण**

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी अमित कुमार सिंह ने शुक्रवार को विकास भवन परिसर में स्थित जिला खाद्य एवं विपणन कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण में जिलाधिकारी ने खाद्यान उठान के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की। जिलाधिकारी ने संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि गोदामों में राशन का स्टॉक बनाये रखें इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदाशीनता क्षम्य नहीं होगी। उन्होनें कोटेदारो को समय से खाद्यान उपलब्ध कराये जाने का निर्देश दिया है, साथ ही साथ राशन वितरण की प्रक्रिया को समय से पूर्ण कराये जाने का भी निर्देश दिया है। जिलाधिकारी ने जॉच कराकर उपजिलाधिकारी की सत्यापन रिपोर्ट को समय से प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। उन्होंने विकास भवन परिसर में साफ-सफाई की व्यवस्था को देखते हुए डस्टबिन रखवाये जाने का निर्देश दिया है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी शशिकांत त्रिपाठी सहित अन्य विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### रहस्य मय परिस्थितियों में किशोरी की मौत, परिवार मे मचा कोहराम

**कौशाम्बी।** सराय अकिल कोतवाली के अतरसुइया गांव में गुरुवार दोपहर संदिग्ध दशा में एक किशोरी की मौत हो गई। किशोरी की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर परिजनों को सौंप दिया। अतरसुइया गांव निवासी इमरान किसानी कर परिवार का गुजारा करता है। परिजनों के अनुसार गुरुवार दोपहर उनकी 17 वर्षीय बेटी अलतमश के पेट में अचानक दर्द उठ गया। परिजन उसे लेकर अस्पताल ले जाने की तैयारी कर रहे थे। इसी दौरान उसकी मौत हो गई। किशोरी की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पंचनामा कर परिजनों को सौंप दिया।

## जनपद स्तरीय खुली ग्रामीण पुरूष एवं महिला खेल कूद प्रतियोगिता का 17 से 19 जनवरी तक होगा आयोजन

**विकास खण्ड स्तरीय विजयी प्रतिभागी एवं टीमें खेल कूद प्रतियोगिता में हो सम्मिलित**

**प्रतापगढ़।** जिला युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी ने बताया है कि जिलाधिकारी की स्वीकृति अनुमोदन के क्रम में युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 2020-21 से सम्बन्धित जनपद स्तरीय खुली ग्रामीण पुरूष एवं महिला खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 17 जनवरी से 19 जनवरी तक जिला खेल स्टेडियम मीरा भवन प्रतापगढ़ में कराया जायेगा। प्रतियोगिता दिनांक 17 जनवरी को प्रातः 10 बजे से प्रारम्भ होगी जिसमें एथलेटिक्स, बॉलीवाल, कबड्डी, कुश्ती, भारोत्तोलन की प्रतियोगितायें शामिल होंगी। इस प्रतियोगिता में विभाग द्वारा आयोजित विकास खण्ड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताओं में विजयी प्रतिभागी टीमें प्रतिभाग करेंगी। विभाग द्वारा आयोजित विकास खण्ड स्तरीय प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने वाले विजयी खिलाड़ी एवं टीमें जनपद स्तरीय खुली ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता में प्रतिभाग करें।

# खेल महोत्सव में मेधावियों का धमाल, पुरस्कार पाकर खिले चेहरे

**प्रतापगढ़।** क्षेत्र के सगरा सुंदरपुर स्थित रामकृपाल मिश्र इन्टर मीडिएट कालेज एवं चिल्ड्रेन पैराडाइज स्कूल में शुक्रवार को दो दिवसीय खेल महोत्सव का शुभारंभ हुआ। बतौर मुख्य अतिथि तहसीलदार पद्मेश श्रीवास्तव ने महोत्सव का फीता काटकर शुभारंभ किया। महोत्सव में पहले दिन छात्र छात्राओं ने अपने हुनर का प्रदर्शन करते हुए बेहतर प्रतिभा का जलवा बिखेरा। दो दिवसीय खेल महोत्सव में कबड्डी, खो-खो, दौड़, स्लो साइकिलिंग, जलेबी दौड, वॉलीवाल के मुकाबले में छात्रों ने सफलता हासिल की। प्रतियोगिता मे कबड्डी के मुकाबले में कक्षा दस के छात्रों ने इंटर के छात्रों को हराकर बीस-दस के अंतर से हराकर फाइनल मुकाबला अपने नाम किया। वहीं खो-खो में कक्षा दस के छात्रों ने कक्षा ग्यारह की छात्राओं को एक अंक से हराकर विजेता बनी। कबड्डी के कड़े मुकाबले में फाइनल मैच में मोहित सिंह कप्तान के नेतृत्व में अमित रजक, सौरभ, राज कनौजिया, आदर्श सिंह, हिमांशु शुक्ला, विवेक सिंह, ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए अशफाक शुभम ऋषभ सतीश रेहान, विजय और मोहम्मद जैद की टीम को हराकर फाइनल मुकाबला अपने नाम किया । खो-खो की विजेता कप्तान स्मृति ने कक्षा ग्यारह की कप्तान श्रेया की टीम को कड़े मुकाबले में एक अंक से हराकर महोत्सव का पहला दिन अपने नाम किया । इससे पूर्व महोत्सव का शुभारंभ करते हुए तहसीलदार पदमेश श्रीवास्तव ने कहा कि खेल से ही स्वस्थ शरीर का विकास होता है। उन्होनें कहा स्वस्थ शरीर रहने से ही बच्चे की बौद्धिक क्षमता विकसित होती है। जिससे शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ते हैं। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के प्रधानाचार्य विकास मिश्र ने किया। खेल प्रतियोगिता का संचालन रोहित यादव ने किया। कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत विद्यालय के प्रबंधक आदर्श मिश्रा करते ने करते हुए विद्यालय के शैक्षिक व सांस्कृतिक विकास पर प्रकाश डाला। इस मौके पर सीडब्लूसी मेंबर प्रमोद तिवारी के मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ला, संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल तिवारी महेश, अनूप पाण्डेय, मनोज तिवारी, चतुभुर्ज मिश्रा, ध्रुव नारायण मिश्रा, अंकुर सिंह, गौरव त्रिपाठी, किरण ओझा, राम प्रसाद वर्मा, निलेश त्रिपाठी, राजेश तिवारी, आशुतोष शुक्ल एवं सगरा सुंदरपुर व्यापार मण्डल अध्यक्ष जाकिर अली आदि मौजूद रहे।


खेल महोत्सव का फीता काटकर शुभारंभ करते तहसीलदार

### यूपी ने जीता ओवर आल चैंपियनशिप का खिताब

**प्रतापगढ़।** भारतीय खेल एवं शिक्षा परिषद द्वारा आयोजित चतुर्थ ऑल इंडिया आईसीएसई चैंपियनशिप जो कि हरियाणा के सोनीपत में 8 से 10 जनवरी 2021 को आयोजित की गई जिसमें लगभग 9 राज्यों की टीमों ने प्रतिभाग किया था।यूपी टीम को ओवरऑल चैंपियनशिप का खिताब मिला और उत्तर प्रदेश की टीम ने कबड्डी , फुटबॉल वॉलीबॉल , एथलेटिक और ताइक्वांडो के खिलाड़ियों ने यूपी टीम को मेडल दिलाने में सफल रहे ।उत्तर प्रदेश खेल एवं शिक्षा परिषद के सचिव पंकज पांडेय और उत्तर प्रदेश के संयुक्त सचिव विपिन मोदनवाल पत्रकारों से बात करते हुए बताया कि उत्तर प्रदेश टीम से लगभग 130 खिलाड़ियों ने इस प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया और यूपी टीम को लगभग 60 गोल्ड 16 सिल्वर और सात ब्रोंज मेडल यूपी टीम को प्राप्त हुए ,जिससे उत्तर प्रदेश टीम में उत्साह का माहौल बना हुआ है ।भारतीय खेल एवं शिक्षा परिषद के अध्यक्ष अरविंद चित्तौड़िया ने खिलाड़ियो को बधाई देते हुए कहा कि ऐसे ही निरंतर खिलाड़ियों को ऊजार्वान होना चाहिए । जिससे वह सभी नेशनल चैंपियनशिप ही नहीं बल्कि इंटरनेशनल चैंपियनशिप में भी भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए जो भी खिलाड़ी जाएं वहां पर इंडिया टीम का नाम रोशन करें। नेशनल चैंपियनशिप में जिन खिलाड़ियों का चयन इंटरनेशनल चैंपियनशिप के लिए होगा उनको जल्दी सूचित कर दिया जाएगा। यूपी टीम के खिलाड़ियों की अपने जनपद वापसी पर भव्य स्वागत किया गया। सुल्तानपुर खेल एवं शिक्षा परिषद द्वारा बच्चों को सम्मानित भी किया गया ।इस मौके पर उत्तर प्रदेश संयुक्त सचिव विपिन मोदनवाल , जिला ओलंपिक संघ के महासचिव श्री वेद प्रकाश उपाध्याय ष्चैंपियनष और अवध यूथ क्लब के अध्यक्ष सिराज खान ,एमएनए एकेडमी के संचालक निलंबर पांडेय , आनंद पांडेय और सृष्टि आईएएस कोचिंग के डायरेक्टर रजनीश पांडेय भी उपस्थित रहे।

## ट्रक ने कार में मारी टक्कर बाल-बाल बचे

**कल्यानपुर कौशांबी।** घने कोहरे के चलते राष्ट्रीय राजमार्ग में ट्रक से कार टकरा गई है इस हादसे में किसी को चोटिल होने की सूचना नहीं है सूचना पाकर मौके पर चौकी पुलिस पहुंच गई है घटना कोखराज थाना क्षेत्र के कल्यानपुर के पास की है कार में टक्कर लगने के बाद आक्रोशित लोगों ने ट्रक चालक की पिटाई कर उसे पुलिस के हवाले कर दिया है। जानकारी के मुताबिक कोखराज थाना क्षेत्र के अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग कल्यानपुर में कानपुर की तरफ से आ रही ट्रक नंबर एच आर 73 ए 7992 को ओवरटेक के चक्कर मे उसी तरफ से आ रही कार नंबर यूपी 71 सी 3888 को ट्रक ने टक्कर मार दी जिससे कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई लेकिन किसी के हताहत होने की खबर नहीं है घटना की सूचना पर टेढ़ी मोड़ चौकी प्रभारी राजीव नारायण सिंह अपने हम राहियोके साथ मौके पर पहुंचकर ट्रक में फंसी कार को बाहर निकलवाया ज्ञात हो कि राष्ट्रीय राजमार्ग ६ लेन बनने की वजह से वाहनों का वनवे करके पुल का निर्माण किया जा रहा है जिसकी वजह से आए दिन घटनाएं होती रहती है काफी दिनों से कल्यानपुर में बन रहा पुल का निर्माण रुका हुआ है।


ट्रक ने कार में मारी टक्कर बाल-बाल बाल बचे कार सवार

### कोरोना संक्रमण के दृष्टिगत चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही

**कौशांबी।** लाकडाउन के दृष्टिगत सरकार द्वारा निर्गत निदेर्शों के अनुपालन के क्रम मे पुलिस अधीक्षक के निदेर्शानुसार जनपद स्तर पर विभिन्न थानों द्वारा अनावश्यक रुप से बाहर घूमने मास्क न लगाने एवं सोशल डिस्टेसिंग का पालन न करने वालों के विरुद्ध 50 बैरियर नाकों एवं थाना क्षेत्रों में पुलिस द्वारा सघन चेकिंग की गई, चेकिंग के दौरान दो-पहिया चार पहिया वाहनों को चेक किया गया जिनमें 142 वाहनों का चालान किया गया एवं 03 वाहनों का चालान कर 1500 रु0 सम्मन शुल्क वसूला गया साथ ही बिना मास्क लगाये घूमने एवं सरकार द्वारा जारी गाइड लाइन का उल्लघन करने वालो के विरुद्ध कार्यवाही करते हुये 17 व्यक्तियों से 2150 रुपये जुमार्ना वसूला गया।

# बर्ल्ड फ्लू से बचाव के लिए 09 टीमे गठित

**कौशाम्बी।** मुख्य विकास अधिकारी शशिकांत त्रिपाठी की उपस्थिति में शुक्रवार को कलेक्टेट स्थित सम्राट उदयन सभागार में बर्ल्ड फ्लू से बचाव के सम्बन्ध में टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में उन्होंने बताया कि जनपद में बर्ल्ड फ्लू से बचाव के लिए 09 टीमे गठित की गयी है, जो गांव व कस्बों में स्थित पोल्ट्री फार्मों, कुक्कुट पालन करने वालों को इस बीमारी से बचाव करने के लिए प्रशिक्षित एवं जागरूक करेंगी। इस अवसर पर जिला पशु चिकित्साधिकारी डॉ0 वीपी पाठक ने बताया कि कुक्कुट पालन व पोल्ट्री फार्मो के आस-पास साफ-सफाई बनाये रखने के साथ-साथ पोल्ट्री फार्मो में चमकीली पन्नी लगवायें जिसकी चमक से प्रवासी पक्षी आस-पास न आ सकें। उन्होंने यह भी बताया है कि जनपद में कुल 80 पोल्ट्री फार्म हैं जिनका निरीक्षण किया जा रहा है। पोल्टरी फार्म संचालकों को यह भी निर्देशित किया गया है कि पोल्ट्री फार्मों के पास चूना एवं दवाओं का छिड़काव करायें, साथ ही साथ पक्षियों के मरने की सूचना तत्काल जनपद मुख्यालय में बर्ल्ड फ्लू से बचाव के लिए बनाये गये कन्ट्रोल में सूचना अवश्य दें। उन्होंने लोगों से अपील किया कि मांस को अधिक तापमान पर पकाकर ही खायें, जिससे इसके वायरस से बचाव किया जा सकता है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिन अधिकारियों एवं कर्मचारियों की बर्ल्ड फ्लू में ड्यूटी लगायी गयी है वे लोग किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरते समय से अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करें, यदि इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही हुई तो संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाही की जायेगी। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी श्री मनोज, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 पीएन चतुवेर्दी सहित सम्बन्धित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।


फ्लू को लेकर बैठक करते सीडीओ